दैनिक **नवयत्न**

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

खबरें सड़क से संसद तक

वर्षः 17 | अंक 155 | सीकर, मंगलवार 04 अगस्त 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8


# 122 मरीजों की जांच में चौंकाने वाला खुलासा

## सबसे ज्यादा मुंह के कैंसर के मरीज, इलाज के बाद भी कई नहीं छोड़ रहे तंबाकू!

संजय सोनी

### नर सेवा नारायण सेवा संस्थान झुंझुनूं के सहयोग से लगाया नि:शुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** महात्मा गांधी अस्पताल जयपुर के श्रीराम कैंसर एवं सुपर स्पेशियलिटी सेंटर द्वारा नर सेवा नारायण सेवा संस्थान झुंझुनूं के सहयोग से आयोजित निशुल्क कैंसर स्क्रीनिंग शिविर में झुंझुनूं जिले के मरीजों को लेकर चिंताजनक तस्वीर सामने आई है। विशेषज्ञों ने बताया कि जिले में सबसे अधिक तंबाकू से जुड़े मुंह के कैंसर के मरीज सामने आ रहे हैं। चिंता की बात यह है कि कई मरीज इलाज करवाने के बावजूद तंबाकू नहीं छोड़ रहे। जिससे बीमारी दोबारा लौटने और इलाज के असर कम होने का खतरा बढ़ रहा है। नर सेवा नारायण सेवा संस्थान के सहयोग से बाबा गंगाराम अतिथि भवन में आयोजित शिविर में 122 मरीजों की जांच की गई। इस दौरान हजारों रुपए मूल्य की मैमोग्राफी, पैप स्मीयर, चेस्ट एक्स-रे और ओरल कैंसर स्क्रीनिंग पूरी तरह निशुल्क की गई। महात्मा गांधी अस्पताल की मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंका चौधरी ने बताया कि शिविर में सबसे ज्यादा तंबाकू सेवन से जुड़े मुंह के कैंसर के मरीज मिले। उन्होंने कहा कि कई मरीज इलाज के साथ भी गुटखा और तंबाकू का सेवन जारी रखते हैं। ऐसी स्थिति में उपचार का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता और कैंसर दोबारा होने की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि यदि स्तन कैंसर और सर्वाइकल कैंसर की पहचान शुरुआती चरण में हो जाए तो इलाज सफल होने की संभावना काफी बढ़ जाती है और मरीज का खर्च भी बहुत कम आता है। शिविर में अस्पताल की अत्याधुनिक कैंसर संजीवनी मोबाइल स्क्रीनिंग यूनिट के जरिए महिलाओं की मैमोग्राफी, पैप स्मीयर, फेफड़ों के लिए चेस्ट एक्स-रे और मुंह के कैंसर की स्क्रीनिंग की गई। सामान्य परिस्थितियों में इन जांचों पर मरीजों को हजारों रुपये खर्च करने पड़ते हैं, जबकि शिविर में सभी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं। महात्मा गांधी अस्पताल के जनसंपर्क निदेशक वीरेंद्र पारीक ने कहा कि बड़ी संख्या में लोग मुंह के छाले, गांठ या अन्य शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर देते हैं। समय पर बायोप्सी और जांच नहीं कराने से कैंसर एडवांस स्टेज में पहुंच जाता है, जिससे इलाज कठिन हो जाता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि शुरुआती लक्षण दिखते ही कैंसर विशेषज्ञ से संपर्क करें। इससे पहले शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ छोटेलाल गुर्जर ने किया। जिन्होंने शिविर की प्रशंसा की। कैंप में महात्मा गांधी अस्पताल की ओर से मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. प्रियंका चौधरी के अलावा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलम तथा दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. संजीवनी ने मरीजों को नि:शुल्क परामर्श एवं जांच सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर नर सेवा नारायण सेवा संस्थान के रामचंद्र मोदी, ओमप्रकाश मोदी, संजीव मोदी, अमित जगनानी, मुकेश गुप्ता, हरीश जगनानी, पवन अग्रवाल, विनोद सिंघानिया, दिनेश अग्रवाल, संजय शर्मा, संदीप केडिया, चंद्रमोहन अग्रवाल, प्रमोद जानूं, रूपेश तुलस्यान, श्रीकांत पंसारी, अनूप गाडिया, सुनील गुप्ता, गणेश हलवाई, परमेश्वर हलवाई, डॉ. डीएन तुलस्यान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



### स्व. सुलोचना देवी मोदी की स्मृति में निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर

इस मौके पर नर सेवा नारायण सेवा संस्थान द्वारा स्व. सुलोचना देवी मोदी की पुण्य स्मृति में मोदी परिवार के सहयोग से विशाल निशुल्क नेत्र चिकित्सा एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। नेत्र विशेषज्ञों द्वारा मरीजों की आंखों की संपूर्ण जांच की गई। जांच के बाद मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए योग्य पाए गए चयनित मरीजों का नि:शुल्क लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। साथ ही, चयनित मरीजों के लिए दवाएं, चश्मा, रहने एवं भोजन की समस्त व्यवस्थाएं पूरी तरह नि:शुल्क रहेंगी।

# सड़क चौड़ीकरण के लिए अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू, 80 फीट होगी शाहपुरा-चिड़ावा रोड



हरीश देवंदा

**नीमकाथाना ( नवयत्न )।** शाहपुरा-चिड़ावा स्टेट हाईवे-13 के सड़क चौड़ीकरण के तहत सोमवार सुबह प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का अभियान शुरू कर दिया। कार्रवाई की शुरुआत सिरोही नदी क्षेत्र से की गई, जो दोपहर तक शहर के अंदरूनी हिस्सों में पहुंच गई। प्रस्तावित 80 फीट चौड़ी सड़क के दायरे में करीब 186 अतिक्रमण प्रभावित हो रहे हैं। प्रशासन के अनुसार यह अभियान सोमवार और मंगलवार तक चलेगा। कार्रवाई के दौरान जेसीबी और पोकलेन मशीनों की मदद से सड़क सीमा में आने वाले पक्के निर्माण हटाए गए। कई दुकानों, मकानों और बहुमंजिला इमारतों के आगे निकले हिस्सों को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मौके पर जमा रहे। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। बीच-बीच में हल्के विवाद की स्थिति भी बनी लेकिन प्रशासन ने कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से जारी रखी। एसडीएम राजवीर यादव ने बताया कि शहरवासियों का सहयोग मिल रहा है और अभियान पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन निर्माणों के संबंध में न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त है, उन पर फिलहाल कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। तहसीलदार वीपी सिंह नरुका ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए प्रशासन ने सभी तैयारियां पहले ही पूरी कर ली थी। प्रभावित लोगों को पूर्व सूचना देकर स्वयं अतिक्रमण हटाने का अवसर दिया गया था ताकि उनका नुकसान कम से कम हो। सड़क को चरणबद्ध तरीके से 80 फीट चौड़ा किया जाएगा। कार्रवाई के दौरान मौके पर एसडीएम राजवीर यादव, तहसीलदार वीपी सिंह नरुका, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता खेताराम चौधरी सहित प्रशासनिक अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

### हाईकोर्ट में 100 फीट चौड़ीकरण को लेकर सुनवाई

उल्लेखनीय है कि शाहपुरा-चिड़ावा मार्ग पर गांवड़ी मोड़ से छावनी होते हुए सिरोही नदी तक मास्टर प्लान के अनुसार 30 मीटर (करीब 100 फीट) चौड़ी सड़क के लिए अक्रिमण हटाने संबंधी जनहित याचिका राजस्थान हाईकोर्ट में विचाराधीन है। यह याचिका आस्था जनकल्याण सेवा समिति के अध्यक्ष जुगल किशोर की ओर से दायर की गई है। मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण बलवदा एवं अधिवक्ता भावना चौधरी पैरवी कर रहे हैं। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रवीण बलवदा ने न्यायालय के समक्ष मास्टर प्लान के अनुरूप 100 फीट चौड़ी सड़क के लिए अतिक्रमण हटाने की मांग रखी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई 18 अगस्त 2026 निर्धारित की है। फिलहाल प्रशासन 80 फीट चौड़ीकरण के अनुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है।

# जयपुर में श्री राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज

## वाटर कैनन चलाई, रास्ता जाम किया; यूजीसी रोल बैक की मांग को लेकर रैली निकाली

**जयपुर।** जयपुर में यूजीसी रोल बैक और सवर्ण समाज की विभिन्न मांगों को सोमवार को रैली निकाल रहे श्री राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। प्रदर्शनकारियों और डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण के साथ भी धक्का-मुक्की भी हुई। पुलिस ने भीड़ को काबू में करने के लिए वाटर कैनन चलाई। इस दौरान कुछ लोगों ने वाटर कैनन के बीच में घुसने की कोशिश भी की। कलेक्टर को ज्ञापन देने की जगह प्रदर्शनकारी बीजेपी कार्यालय कर ओर बढ़ने लगे। पुलिस ने खासाकोठी पुलिया के नीचे उन्हें रोक लिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी श्री राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट सर्किल पर रास्ता जाम कर बैठ गए।

# सभा में नाराज बेनीवाल बीच सभा में माइक फेंक हुए रवाना


## मंच से बोले- चूरू जिले की राजनीति की वहज से मेरी जगह-जगह दुश्मनीया हुई

निसं

**चूरू ( नवयत्न )।** क्षेत्र के नागौर सांसद एवं राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी आरएलपी के सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल रविवार देर रात्रि को चूरू जिले के तालछापर कस्बे में पार्टी कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान उस समय अप्रत्याशित स्थिति बन गई, जब उनके संबोधन के बीच सामने बैठे कुछ युवाओं के लगातार शोर-शराबे से वे नाराज हो गए। कई बार समझाने और शांत रहने की अपील के बावजूद जब शोर नहीं रुका तो बेनीवाल ने भाषण बीच में ही रोक दिया, मंच पर माइक फेंका और कार्यक्रम छोड़कर रवाना हो गए। इस घटना से कार्यक्रम में मौजूद लोग भी हैरान रह गए। मंच से संबोधित करते हुए बेनीवाल अपने राजनीतिक विरोधियों पर हमला बोल रहे थे। इसी दौरान सामने बैठे कुछ युवाओं के शोर मचाने पर उन्होंने कई बार उन्हें शांत रहने के लिए कहा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा, तुमने नेता देखा है, कि नहीं तुम लोग बावले क्यों हो रहे हो। स्कूल वाले बच्चे कब आगे बढ़ेंगे, यह जानते ही नहीं हो। शोर जारी रहने पर बेनीवाल और अधिक नाराज हो गए। उन्होंने कहा, मैं दुबारा यहां नहीं आऊंगा। अभी बिना भाषण दिए चला जाऊंगा। कौन सा तुम सुबह वोट डाल दोगे। किसी का समय खराब करते हो। इसके बाद भी जब व्यवधान नहीं रुका तो उन्होंने मंच से कहा, क्या किसी विरोधी ने तुम्हें भेजा है। कौन हो तुम लोग। इन्हें चुप कराओ। शर्म नहीं आती। आयोजकों ने ऐसे लोगों को यहां क्यों बैठाया

### चूरू जिले की राजनीति की वहज से मेरी जगह-जगह दुश्मनीया हुई

अपने संबोधन के दौरान बेनीवाल ने चूरू जिले की राजनीति का भी जिक्र किया। बेनीवाल ने मंच से कहा कि ऐसे कमजोर लोग हो तुम लोग, तभी तो तुम्हारा शोषण हो रहा है।



इस चूरू जिले की राजनीति की वजह से मेरी जगह-जगह दुश्मनियां हुईं राजस्थान के अंदर। चूरू के लोग कमजोर थे, जब तुम्हें मारा गया तो हनुमान बेनीवाल तुम्हारे साथ आया और मेरी लड़ाई राजस्थान में बढ़ गई। तुम्हारे नेता तो वापस चले गए, कोई बीजेपी में सेट हो गया, कोई कांग्रेस में हो गया। मैं तुम्हारे आंसू देखकर रात को 1 बजे तक लड़ रहा हूं। मुझे क्या पता था कि तुम इतने कमजोर हो। वो कहां से वोट दे देंगे, मुझे बताओ इस दौरान बेनीवाल ने शोर करने वालों को जमकर भलाबुरा कहा। साथ ही आयोजकों को भी उन्होंने कहा कि ष्यह आयोजकों की बहुत बड़ी गलती है। ऐसी जगह मेरे जैसे आदमी को नहीं लाना चाहिए। क्योंकि आपका स्तर इतना बड़ा नहीं है। आपको तो प्रधान-प्रमुख जैसे लोगों को बुलाकर भाषण करवाना चाहिए। रात को कौन घूमता है। मैं कोई खाली थोड़े ही हूं। और तुमने कौन सा विधायक दे दिया, मुझे बताओ। है क्या हमारे पास शर्म है नहीं, बिल्कुल बेशर्म हो।

लोग तुम्हें सड़कों पर मार रहे हैं, पीट रहे हैं, हर जगह मार रहे हैं, फिर भी समझदार नहीं बन रहे हो। ये स्कूल के बच्चों को क्यों पकड़कर लाए यहां क्यों बिठाया है। ये बेशर्म बच्चे कहां से कामयाब होंगं। इनकी नौकरी नहीं लगेगी, ऐसे ही भटकेंगे पूरे जीवन। चलो, अब भाषण नहीं दूंगा। इतना कहकर बेनीवाल ने मंच पर माइक फेंक दिया और कार्यक्रम छोड़कर चले गए। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर भी चर्चा का विषय बना हुआ है।

# ट्रम्प बोले- ईरान पर फिर हमला कर सकता हूं

### लेकिन लोगों को मारना नहीं चाहता, आज से फिर होगी बातचीत

वॉशिंगटन डीसी/ तेहरान/तेल अवीव।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि अमेरिका जरूरत पड़ने पर ईरान पर फिर हमला कर सकता है, लेकिन वह सैन्य कार्रवाई के बजाय बातचीत के जरिए समाधान चाहते हैं. एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बातचीत के दौरान ट्रम्प ने कहा, हम जब चाहें कार्रवाई कर सकते हैं, लेकिन मैं लोगों को मारना नहीं चाहता। अगर समझौता हो जाता है तो बहुत-सी जानें बच जाएंगी। ट्रम्प ने बताया कि सोमवार से अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थों के जरिए बातचीत शुरू होगी। इसमें होर्मुज स्ट्रेट और ईरान के परमाणु कार्यक्रम जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा होगी। हालांकि, यह कहां होगी और इसमें कौन शामिल होगा इसकी जानकारी उन्होंने नहीं दी।

**ट्रम्प ने फिलहाल ईरान पर हमला टाला:** ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान और दूसरे पश्चिम एशियाई देशों की ओर से समझौते का प्रस्ताव मिलने के बाद अमेरिका ने फिलहाल ईरान पर प्रस्तावित हमला टाल दिया है।

# संदीप केडिया, सुदीप गोयल बने जिला महामंत्री, रामावतार अग्रवाल को मिली कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी

### अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में नई नियुक्तियां, सामाजिक व संगठनात्मक गतिविधियों को मिलेगी नई गति।

अशोक राईका

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन (पूर्वी राजस्थान) ने झुंझुनूं जिले में संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष अशोक गर्ग एवं प्रदेश महामंत्री गोपाल अग्रवाल की ओर से जारी आदेश के अनुसार संदीप केडिया और सुदीप गोयल को जिला महामंत्री तथा रामावतार अग्रवाल को जिला कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह नियुक्तियां राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल एवं राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल गोयल की सहमति से की गई हैं। सम्मेलन ने विश्वास जताया कि नवमनोनीत पदाधिकारी अपने अनुभव, सक्रियता और नेतृत्व क्षमता के बल पर झुंझुनूं जिले में अग्रवाल समाज को संगठित करने और संगठन की गतिविधियों को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। नियुक्ति के बाद तीनों पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के साथ जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान नूआंवाला का आभार जताया।



### पत्रकारिता और संगठनात्मक अनुभव का लाभ देंगे संदीप केडिया

चिड़ावा निवासी एवं वर्तमान में झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर सक्रिय पत्रकार संदीप केडिया पूर्व में भी अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन में विभिन्न जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। वे वर्तमान में अखिल भारतीय जर्नलिस्ट एंड मास मीडिया फेडरेशन के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष भी हैं। संगठन को उनके अनुभव का लाभ मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।



### विशेष बच्चों की सेवा में 28 वर्षों से सक्रिय हैं सुदीप गोयल

नवलगढ़ निवासी सुदीप गोयल पिछले 28 वर्षों से बौद्धिक दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों की शिक्षा, पुनर्वास और सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। वे आशा का झरना संस्था के माध्यम से नवलगढ़, झुंझुनूं और सीकर में 300 से अधिक विशेष बच्चों के लिए विद्यालय संचालित कर रहे हैं। समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए उन्हें कई राष्ट्रीय सम्मान भी मिल चुके हैं।



### व्यापार और सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय हैं रामावतार अग्रवाल

झुंझुनूं शहर के छावनी बाजार निवासी युवा व्यापारी रामावतार अग्रवाल (पवन गुढ़ावाला) सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। वे वर्तमान में शहर के प्रमुख व्यापारी संगठन गल्ला व्यापार संघ में सचिव का दायित्व भी निभा रहे हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव से सम्मेलन को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर जालान नूआंवाला ने बताया कि शीघ्र ही वरिष्ठजनों से विचार-विमर्श कर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। साथ ही आगामी सामाजिक एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की जाएगी। इन नियुक्तियों से जिले के अग्रवाल समाज में उत्साह का माहौल है।

# कॉकरोच जनता पार्टी दो दिन की रणनीतिक बैठक करेगी:कहा- राजनीतिक दल नहीं बनाएंगे; दीपके बोले- स्कॉलरशिप के पैसों से अमेरिका गया था

नई दिल्ली। कॉकरोच जनता पार्टी 5 अगस्त से छत्रपति संभाजीनगर में दो दिन की रणनीति बैठक करेगी। इस बैठक में पार्टी के संस्थापक, प्रवक्ता और संगठन से जुड़े लोग शामिल होंगे।

पार्टी ने कहा कि वह राजनीतिक दल नहीं बनाएगी। बैठक के बाद सीजेपी देशभर में अपने युवाओं की जरूरतों को समझने के लिए लिसनिंग टूर करेगी। पार्टी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा कि उन्हें बोस्टन यूनिवर्सिटी से स्कॉलरशिप मिली थी और बाकी पैसों के लिए लोन लिया था, जो अभी चुकाना बाकी है।

इससे पहले, सूरत के एक आरटीआई कार्यकर्ता ने उनके पिता की संपत्ति और फंड की जांच की मांग की थी। और सवाल उठाए थे कि दीपके के पास अमेरिका जाकर पढ़ाई करने के पैसे कहां से आए।

नवयत्न **कोबरी-सार**



# शिक्षकों व मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** भारत विकास परिषद ने गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन के तृतीय चरण में पीएम श्री राजकीय श्रीमती केशर देवी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को श्रेष्ठ प्रबंधन हेतु ऑफिस के लिए कृष्ण राधा मोमेंटो प्रदान किया। विद्यालय के 25 शिक्षकों को दुपट्टा पहना कर सम्मानित किया साथ ही 8वीं और 10वीं की तीन तीन मेधावी छात्राओं को दुपट्टा पहना कर उन्हें पेंसिल बॉक्स देकर उनका उत्साह वर्धन किया। प्रांतीय वित्त सचिव पुरूषोतम सोनी ने छात्राओं को परिषद की गतिविधियों की जानकारी दी। परिषद सचिव सीए सुरेश जाजू ने कहा कि शिक्षक की भूमिका छात्र के व्यक्तिव को निखार कर उसमें राष्ट्रीय के प्रति निष्ठावान व चरित्र वान बनाने में बहुत ही महत्वपूर्ण होती हैं। प्रांतीय अंकेक्षक सीए नितेश माथुर ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय वाल्मीकि बस्ती लाडनूं में गुरु वंदन छात्र अभिनन्दन कार्यक्रम आयोजित करते हुए परिषद की जानकारी दी। शाखा ने विद्यालय परिवार को उनके श्रेष्ठ प्रबंधन हेतु ऑफिस के लिए कृष्ण राधा मोमेंटो प्रदान किया। विद्यालय के सभी 20 शिक्षक को दुपट्टा पहना कर सम्मान किया।

# जन समस्याओं को लेकर आप ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** आदर्श नगर विधानसभा के वार्ड संख्या 128 में वर्षों से लंबित नागरिक समस्याओं को लेकर आम आदमी पार्टी ने जनसंपर्क अभियान चलाकर क्षेत्रवासियों की शिकायतें एकत्र की। इसके बाद सोमवार को पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम जयपुर के जवाहर नगर जोन के उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के समयबद्ध समाधान की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष शहजाद खान के नेतृत्व में 2 अगस्त को आयोजित जनसंपर्क अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर लोगों से संवाद किया और क्षेत्र का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों ने सीवरेज लाइनें बार-बार चोक होने, बरसात में जलभराव, जर्जर सड़कों, नियमित सफाई नहीं होने, बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के अभाव की शिकायतें रखीं। इस अभियान में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष अमित दाधीच, प्रदेश कार्यालय प्रभारी सुनील अग्रवाल, जिला संयुक्त सचिव कृष्ण मुरारी त्रिपाठी, वार्ड अध्यक्ष फिरोज उद्दीन कुरेशी, मोहसिन कुरेशी, शाहरुख खान, बृजेश नारायण, जफर भाई, हाफिज भाई मौलाना सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। पार्टी ने बताया कि जनसंपर्क अभियान के दौरान प्राप्त शिकायतों और वार्डवासियों के हस्ताक्षरों के आधार पर 3 अगस्त को नगर निगम को विस्तृत ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित दाधीच ने कहा कि वार्ड के नागरिक लंबे समय से मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम ने जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं की तो आम आदमी पार्टी वार्डवासियों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण जनआंदोलन शुरू करेगीए जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एन डांस कार्निवाल ऑडिशन में दिखी युवा प्रतिभाओं की चमक



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** नृत्यशैली डांस अकेडमी की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित एन डांस कार्निवाल के ऑडिशन का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी नृत्य प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों की आकर्षक प्रस्तुतियों ने अभिभावकों, शिक्षकों और निर्णायकों का मन मोह लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्याज्योति राठौड़ ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने नृत्यशैली डांस एकेडमी की इस पहल को प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने वाला सराहनीय प्रयास बताया। इस कार्यक्रम के संचालन में वंदना थपलियाल, सीमा वर्मा और गोविंद ने समन्वयक की भूमिका निभाई जबकि संगीत शिक्षिका मिस रुबीना ने प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया। ऑडिशन का मूल्यांकन लविशा नेभनानी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों के नृत्य कौशल, मंच प्रस्तुति, अभिव्यक्ति और तालमेल के आधार पर प्रदर्शन का आकलन करते हुए उन्हें निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। आयोजन नवीन अनोरिया के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसकी सफलता में सविता कुमावत, सुरेंद्र कुमावत, नरेंद्र कुमावत, संदीप कुमावत, कुणाल सर और सोनू सर का विशेष सहयोग रहा। आयोजकों ने बताया कि एन डांस कार्निवाल का उद्देश्य प्रदेश की उभरती नृत्य प्रतिभाओं को एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है ताकि वे अपनी कला का प्रदर्शन करने के साथ विशेषज्ञों से मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकें। ऑडिशन में चयनित प्रतिभागी अब प्रतियोगिता के आगामी चरण में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों, अभिभावकों एवं आयोजकों ने इस पहल को युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन की दिशा में एक प्रेरणादायी प्रयास बताया।

# फीता काटकर किया शोरूम का उद्घाटन

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय सालासर रोड पर किंग्स होंडा शोरूम द्वारा अब ग्राहकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाई जायेगी। सोमवार को नए किंग्स होंडा शोरूम का उद्घाटन चुंगी नाका के पास हरिशंकर मोदी व डायरेक्टर मोहित कस्वां ने फीता काटकर किया। शोरूम के प्रबंधक रोहित मोदी ने बताया कि ग्राहकों को बेहतरीन सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से शोरूम को शिफ्ट किया गया है, इसमें ग्राहकों की हर सुविधा का ध्यान में रखते हुए निर्माण किया गया है। इस दौरान डॉ रौनक मोदी, डॉ मोहित मोदी, हर्ष जालान, अमित जैसनसरिया, मदन मंगलूनिया, माणक खेतान, परमानंद मंगलूनिया, पवन छाबड़ा, संदीप बेड़िया, राकेश सोनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। डायरेक्टर रोहित मोदी ने आये हुए सभी अतिथियों का स्वागत कर आभार प्रकट किया।

# सावन के पहले सोमवार शिवमय हुआ जयपुर

## शिवालयों में जलाभिषेक के लिए उमड़ा आस्था का सैलाब

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** सावन मास के पहले सोमवार पर राजधानी जयपुर सहित पूरे राजस्थान में भगवान शिव की भक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। ब्रह्ममुहूर्त से ही शहर के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। शिवभक्तों ने जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा, भांग, शहद और पंचामृत से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि, आरोग्य और मंगल की कामना की। मंदिरों में दिनभर हर-हर महादेव, बम-बम भोले और ओम नमः शिवाय के जयघोष गूंजते रहे। छोटी काशी के नाम से प्रसिद्ध जयपुर पूरी तरह शिवमय नजर आया। ताड़केश्वर महादेव, झारखंड महादेव, रोजगारेश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव, रंगीला महादेव और अन्य प्रमुख शिवालयों में सुबह से ही दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने बड़ी संख्या में व्रत रखकर पूजा-अर्चना की जबकि कई श्रद्धालु नंगे पांव मंदिरों तक पहुंचे।

### प्रमुख शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना

रोजगारेश्वर महादेव, चमत्कारेश्वर महादेव और डूंगरी स्थित रंगीला महादेव मंदिर में भी दिनभर जलाभिषेक, रुद्राभिषेक, सहस्त्रघट अभिषेक, पंचामृत अभिषेक एवं महाआरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, पुष्प, धतूरा, केवड़ा और गंगाजल अर्पित कर परिवार की खुशहाली और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना की। ताड़केश्वर महादेव मंदिर में देवी पूजक ढोल दल ने ढोल-मंजीरों और शंखनाद से भक्तिमय वातावरण बना दिया।

### झारखंड महादेव में दो किलोमीटर लंबी कतार

वैशाली नगर स्थित झारखंड महादेव मंदिर में सुबह 4:30 बजे मंगला आरती के बाद जलाभिषेक शुरू हुआ। दर्शन के लिए मंदिर के बाहर डेढ़ से दो किलोमीटर तक लंबी कतार लगी रही और श्रद्धालुओं को दो से तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ा। मंदिर सचिव श्रीप्रकाश सोमानी ने बताया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अलग-अलग कतारें बनाई गई। शाम को कोलकाता से मंगवाए गए फूलों से भगवान का फूल बंगला श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर में 40 से अधिक सीसीटीवी कैमरे तथा 150 से 200 स्वयंसेवक व्यवस्था में तैनात रहे।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

कांवड़ यात्रा और मंदिरों में उमड़ी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल के निर्देश पर प्रमुख मंदिरों और कांवड़ मार्गों पर करीब 200 पुलिसकर्मी, छह मोबाइल पार्टियां तैनात की गई। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई। प्रमुख मंदिरों में बैरिकेडिंग, अलग प्रवेश-निकास मार्ग, पार्किंग, पेयजल, प्राथमिक उपचार और स्वयंसेवकों की विशेष व्यवस्था की गई।

### धार्मिक महत्व भी रहा विशेष

ताड़केश्वर महादेव मंदिर के महंत अमित कुमार व्यास ने बताया कि समुद्र मंथन के दौरान निकले विष की तपन शांत करने के लिए देवताओं ने भगवान शिव पर पवित्र जल अर्पित किया था। उसी परंपरा के रूप में सावन में कांवड़ का जल चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है। उन्होंने बताया कि श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक करने से भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वहीं पंडित राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि सावन सोमवार पर शिव पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन व्रत और जलाभिषेक से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने बताया कि कालसर्प योग के निवारण के लिए भी यह दिन अत्यंत शुभ माना जाता है।



### गलता जी से निकली कांवड़ यात्रा बनी आकर्षण का केंद्र

रविवार देर रात से ही श्रद्धालु गलता तीर्थ पहुंचने लगे। पवित्र कुंड में स्नान कर हजारों श्रद्धालुओं ने कांवड़ में जल भरा और बोल बम व हर-हर महादेव के जयघोष के साथ शहर के विभिन्न शिवालयों की ओर रवाना हुए। कांवड़ यात्रा में युवा, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। कई महिलाओं ने सिर पर कलश और कंधों पर कांवड़ लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। डाक कांवड़ लेकर दौड़ते युवाओं का उत्साह भी आकर्षण का केंद्र रहा।

### ताड़केश्वर महादेव में महाकाल की तर्ज पर हुई भस्म आरती

चौड़ा रास्ता स्थित प्राचीन ताड़केश्वर महादेव मंदिर के पट सुबह 3:45 बजे खोले गए। सुबह 4 बजे उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती हुई। मंदिर के पुजारी शक्ति व्यास और अमित व्यास ने बताया कि भगवान शिव का 51 किलो देसी गाय के घी तथा 151 किलो दूध, दही, शहद और शक्कर से अभिषेक किया गया। मंगला आरती के दौरान भगवान का दूल्हे के स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया। शाम को भगवान जगन्नाथ की विशेष झांकी भी सजाई गई।

# लहरिया, लोकगीत और नृत्य की छटा बिखेरेगा सतरंगी सावन उत्सव

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** सावन की फुहारों, लहरिया की रंगत और राजस्थानी लोक संस्कृति के उल्लास से भरपूर सतरंगी सावन लहरिया उत्सव का आयोजन 8 अगस्त दोपहर 1 बजे से राजा पार्क स्थित होटल क्लिक में किया जाएगा। नृत्यम फाउंडेशन एवं नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस भव्य सांस्कृतिक उत्सव में महिलाएं अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का शानदार प्रदर्शन करेंगी।

आयोजिका काजल सैनी ने बताया कि इस कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक भीम सिंह कासनिया होंगे। इसके अलावा सावन की पारंपरिक थीम पर आधारित इस आयोजन में सावन क्वीन, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट डांस और बेस्ट मेहंदी जैसी आकर्षक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। विभिन्न आयु वर्ग की प्रतिभागी पारंपरिक परिधानों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिलाओं को सम्मानित करने के साथ आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज की व्यस्त जीवनशैली में महिलाओं को स्वयं के लिए समय निकालना कठिन हो जाता है। ऐसे सांस्कृतिक आयोजन उन्हें तनाव से राहत देने के साथ अपनी रचनात्मक क्षमता निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और सामाजिक सहभागिता को मजबूत करने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने महिलाओं से पारंपरिक लहरिया परिधान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सावन उत्सव को यादगार बनाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शर्मा जी ज्वैलरी वाले तथा प्रसिद्ध ज्वेलरी डिजाइनर प्रज्ञा टिबरीवाल का विशेष सहयोग रहेगा। उनकी ओर से प्रतियोगिताओं के विजेताओं को आकर्षक उपहार प्रदान किए जाएंगे। वहीं नेशनल ब्यूटी एसोसिएशन की संस्थापक शीलू सैनी ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। प्रतिभागी महिलाओं को विशेष डांस रिहर्सल करवाई जा रही है ताकि कार्यक्रम को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सतरंगी सावन केवल एक प्रतियोगिता नहीं बल्कि राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति, पारंपरिक लहरिया परिधान, लोकगीत, नृत्य और सावन की खुशियों का उत्सव है। यह आयोजन महिलाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने, नए संबंध बनाने और सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का सुनहरा अवसर प्रदान करेगा। आयोजकों को उम्मीद है कि यह उत्सव महिलाओं के लिए एक यादगार और प्रेरणादायी सांस्कृतिक अनुभव साबित होगा।

# सोमवार को मंदिरों व शिवालयों में गूंजे बम बम भोले के जयकारे

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** श्रावण मास के पहले सोमवार को शिव मंदिरों व शिवालयों में भगवान शिव की आराधना करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिरों व शिवालयों में बम बम भोले के जयकारे गूंजने लगे। शिव भक्तों ने मंदिरों व शिवालयों में जाकर भगवान शिव का जल व दूध से अभिषेक किया एवं पूजा अर्चना की। वहीं महिलाओं ने भजन कीर्तन कर श्रावण मास के पहले सोमवार का स्वागत किया। कस्बे के गढ़ चौक में स्थित नगर सेठ श्री लक्ष्मीनाथ मंदिर में पुजारी रामलाल भोजक के सानिध्य में शिव भक्तों ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। योगी आश्रम में महंत गंगनाथ के सानिध्य में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। इसी प्रकार सावन माह के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर चमत्कार कस्बे के आशीर्वाद बालाजी मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन कर सुख, शांति, समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। मंदिर में दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने में मंदिर से जुड़े सेवाभावी कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर पुजारी सुशील स्वामी, जित्तू सिंह, लखवीर सिंह, धीरज बन्ना, महेंद्र शर्मा, सरजीत तथा सुल्तान खाती विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा एवं व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। सावन के प्रथम सोमवार पर आयोजित इस धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

# वॉटर लेडी ऑफ इंडिया अमला रुइया का किया अभिनंदन



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** मारवाड़ी महासभा की ओर से संचालित हिमालय बचाओ अभियान के शुभारंभ के अवसर पर सोमवार को जयपुर स्थित पत्रिका गेट पर वॉटर लेडी ऑफ इंडिया अमला रुइया का भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस दौरान पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए उन्हें नीम का पौधा भेंट किया गया। मारवाड़ी महासभा के इस अभियान के तहत आयोजित स्वागत समारोह में ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला ने अपने सहयोगी बिट्ठल माहेश्वरी तथा संस्था के अन्य सदस्यों के साथ रुइया की अगवानी की। अभियान के शुभारंभ के प्रतीक स्वरूप उन्हें नीम का पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भारत का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में अमला रुइया के अभिनंदन के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इनमें जयपुर के श्मशानों में नीम के पौधे लगाने वाली प्रथम महिला शशि लखोटिया, सार्क देशों में ख्याति प्राप्त महिला उद्योगपति नीता बुचरा, सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश मीणा, शारजाह के वैज्ञानिक डॉ सुनिल मुन्दड़ा, सुप्रीम कंप्यूटर्स के मनोहर भंडारी, जयपुर के प्रसिद्ध जौहरी रामदास सोंखिया, मारवाड़ी महासभा के राष्ट्रीय सभापति महेश राठी सहित बड़ी संख्या में पर्यावरण प्रेमी एवं नीम संरक्षण अभियान से जुड़े नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता आवश्यक है। नीम जैसे औषधीय एवं पर्यावरण हितैषी वृक्षों का अधिकाधिक रोपण जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। मारवाड़ी महासभा के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था वर्षों से जयपुर में निःशुल्क नीम के पौधों का वितरण कर रही है। इसका उद्देश्य शहर में हरियाली बढ़ाना, लोगों को वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता फैलाना है। उन्होंने कहा कि हिमालय बचाओ अभियान भी प्रकृति संरक्षण और जल-वन-पर्यावरण के प्रति समाज में व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ में रुद्राभिषेक, गुरु पूजन एवं भंडारा आयोजित

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे में स्थित भगवती भद्रकाली शक्ति पीठ में श्रद्धा, भक्ति और वैदिक परंपराओं के साथ भगवान सिद्धेश्वर के पावन रुद्राभिषेक, गुरु पूजन एवं भंडारे का भव्य आयोजन सम्पन्न हुआ। दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं एवं संत-महात्माओं की उपस्थिति ने पूरे आश्रम परिसर को भक्तिमय वातावरण से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व रात्रि में आयोजित भव्य भजन संध्या से हुई, जिसमें भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक भक्तिमय प्रस्तुतियाँ देकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। देर रात तक श्रद्धालु भगवान के भजनों का रसास्वादन करते रहे और पूरा वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा। प्रातःकाल गुरुकुल के वैदिक बटुकों ने आचार्य शिवम् के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान सिद्धेश्वर महादेव का विधिवत रुद्राभिषेक, पूजन एवं अर्चन सम्पन्न कराया। वैदिक ऋचाओं और मंत्रों की पावन ध्वनि के बीच संपन्न हुए इस अनुष्ठान ने उपस्थित श्रद्धालुओं को अद्भुत आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। इसके पश्चात परम पूज्य अनंतश्री विभूषित श्रीमद् दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज का भव्य गुरु पूजन समारोह आयोजित किया गया। भारत के विभिन्न प्रांतों से पधारे उनके शिष्यों एवं श्रद्धालुओं ने श्रद्धासुमन अर्पित कर गुरुजी का पूजन किया तथा उनका आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन को धन्य बनाया। गुरु-शिष्य परंपरा का यह अनुपम दृश्य उपस्थित जनसमूह के लिए अत्यंत प्रेरणादायी एवं भावपूर्ण रहा। धार्मिक अनुष्ठानों के उपरांत विशाल भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। पूरे आयोजन के दौरान सेवा, अनुशासन एवं समर्पण की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी। यह संपूर्ण धार्मिक आयोजन दंडी स्वामी वीरेन्द्राश्रम महाराज, अवधूत स्वामी विश्वेन्द्राश्रम महाराज, ब्रह्मचारी लोकेन्द्र स्वरूप तथा राघवेन्द्र स्वरूप के संरक्षण एवं मार्गदर्शन में सभी गुरु भक्तों के सहयोग से अत्यंत सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन ने महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष परम पूज्य अनंतश्री विभूषित श्रीमद् दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज, दंडी स्वामी वीरेन्द्राश्रम महाराज तथा अवधूत स्वामी विश्वेन्द्राश्रम महाराज का चातुर्मास राजलदेसर स्थित आश्रम में सम्पन्न होगा। चातुर्मास के दौरान प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, सत्संग, प्रवचन, यज्ञ, भजन-कीर्तन एवं विविध आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से संत-महात्माओं एवं श्रद्धालुओं के सम्मिलित होने की संभावना है। आश्रम परिवार ने समस्त धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर संतों के सानिध्य का लाभ लें, सत्संग एवं धार्मिक आयोजनों में सहभागिता निभाएं तथा अपने जीवन को आध्यात्मिक संस्कारों से समृद्ध करते हुए पुण्य लाभ अर्जित करें।

# बिजली बिल अपडेट के नाम पर खाते से उड़ाए 1.95 लाख

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में बिजली बिल अपडेट करने के नाम पर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से 1.95 लाख रुपये की ऑनलाइन ठगी कर ली। ठगों ने के-नंबर के साथ एक फर्जी लिंक भेजा, जिस पर क्लिक करते ही पीड़ित का मोबाइल हैक हो गया और बैंक खाते से रकम निकाल ली गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मीणा ने बताया कि जगतपुरा स्थित गांधी विहार निवासी शकील अहमद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित के मोबाइल पर बिजली बिल अपडेट करने संबंधी एक संदेश आया जिसमें उनके बिल का के-नंबर और भुगतान के लिए एक लिंक दिया गया था। शकील अहमद ने बिल अपडेट करने के उद्देश्य से लिंक पर क्लिक किया। आरोप है कि इसके बाद उनका मोबाइल हैक हो गया और उसका नियंत्रण साइबर ठगों के हाथ में चला गया। इसके बाद ठगों ने उनके बैंक खाते से 1.95 लाख रुपये ऑनलाइन निकाल लिए। कुछ देर बाद बैंक खाते से राशि कटने का संदेश मिलने पर पीड़ित को ठगी का पता चला।

उन्होंने तत्काल ट्रांसपोर्ट नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आईटी एक्ट एवं अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर साइबर ठगों की तलाश शुरू कर दी है।

# बैंक मैनेजर से पिस्टल की नोक पर लूट

## अपार्टमेंट की लिफ्ट में नकाबपोश बदमाशों ने छीने जेवर

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के जवाहर नगर थाना क्षेत्र स्थित सिंधी कॉलोनी में सोमवार सुबह दिनदहाड़े दो नकाबपोश बदमाशों ने यूनियन बैंक के मैनेजर से पिस्टल की नोक पर सोने और हीरे के जेवर लूट लिए। यह वारदात साईं कृपा अपार्टमेंट की लिफ्ट में उस समय हुई, जब बैंक मैनेजर जिम से लौटकर घर जा रहे थे। घटना के दौरान लिफ्ट में उनकी एक पड़ोसी युवती भी मौजूद थी। वारदात के बाद आरोपित बिना नंबर प्लेट की सफेद एक्टिवा पर फरार हो गए। आदर्श नगर सहायक पुलिस आयुक्त सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जवाहर नगर थाना इलाके में स्थित साईं कृपा अपार्टमेंट की तीसरी मंजिल पर रहने वाले नवीन कुमार शर्मा सोमवार सुबह 8:30 बजे जिम से लौट रहे थे। लिफ्ट में उनके साथ पड़ोस की एक युवती भी थी। इसी दौरान मुंह पर कपड़ा बांधे दो युवक लिफ्ट में घुस गए। पूछने पर उन्होंने चौथी मंजिल पर रहने वाले अमित से मिलने की बात कही। जब नवीन ने बताया कि अपार्टमेंट में इस नाम का कोई व्यक्ति नहीं रहता तो एक बदमाश ने पिस्टल निकालकर उनके सिर पर तान दी और सोने की चेन, कड़ा, सोने की अंगूठी तथा डायमंड रिंग उतरवा ली। इस लूट के बाद बदमाशों ने मैनेजर को धमकाते हुए लिफ्ट को वापस ग्राउंड फ्लोर पर ले जाने के लिए कहा और नीचे उतरते ही बिना नंबर प्लेट की सफेद एक्टिवा पर फरार हो गए। इस घटना के बाद घबराए नवीन कुमार अपनी बच्ची के साथ सीढ़ियों से फ्लैट पहुंचे और परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। उनकी पत्नी मोनिका शर्मा ने बताया कि घटना से पूरा परिवार दहशत में है और पीड़ित नवीन कुमार के पिता भरतपुर पुलिस के सेवानिवृत्त एसआई हैं। इधर सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटनाक्रम की जानकारी ली। जहां पुलिस को प्रारंभिक जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी चेहरे पर कपड़ा बांधे हुए थे। एक ने लाल रंग की शर्ट-पायजामा पहन रखा था और सफेद गमछे से चेहरा ढका हुआ था जबकि दूसरा पैंट-शर्ट में था। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों की जांच की तो सामने की बिल्डिंग के कैमरों में दोनों आरोपी सफेद एक्टिवा पर भागते हुए दिखाई दिए। हालांकि अपार्टमेंट के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे लंबे समय से खराब होने के कारण लिफ्ट की फुटेज नहीं मिल सकी। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि पार्किंग में लगे डीवीआर सिस्टम से छेड़छाड़ की गई थी। जवाहर नगर थानाधिकारी सरला यादव ने बताया कि सिंधी कॉलोनी निवासी नवीन कुमार शर्मा के साथ लूट की घटना की जानकारी मिलने पर थाने की टीम मौके पर पहुंची। घटनास्थल का जायजा लेकर पीड़ित से घटना को लेकर पूरी जानकारी ली है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर बदमाशों की पहचान और उन्हें पकड़ने की कवायद जारी है। वहीं अपार्टमेंट के निवासियों का कहना है कि बदमाशों ने पहले रेकी की और पूरी योजना बनाकर वारदात को अंजाम दिया। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

# वेस्ट जोन ताइक्वांडो में शुक्ला ने जीता रजत पदक



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल के छात्रावास में रहने वाले आशुतोष शुक्ला ने सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो चौंपियनशिप 2026-27 में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल की सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप के लिए भी क्वालीफाई किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता दौसा में आयोजित हुई जिसमें राजस्थान, गुजरात एवं मध्य प्रदेश के 7 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। इतने बड़े स्तर की प्रतियोगिता में आशुतोष की यह उपलब्धि विद्यालय एवं सुजानगढ़ के लिए गौरव का विषय है। इस सफलता के साथ बाल भारती इंटरनेशनल स्कूल ने लगातार दूसरी बार सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो चौंपियनशिप में पदक जीतकर खेल क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता का परचम लहराया है। विद्यालय के चेयरमैन एल आर खिलेरी, बुधाराम खिलेरी, निदेशक प्रेम नेहरा एवं मुकेश खिलेरी ने आशुतोष शुक्ला को इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आशुतोष आगामी सीबीएसई राष्ट्रीय ताइक्वांडो चौंपियनशिप में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय, सुजानगढ़ क्षेत्र तथा राजस्थान का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करेंगे। विद्यालय की प्राचार्या चांदकिरण शेखावत ने कहा कि छात्रावास में रहते हुए आशुतोष ने नियमित अभ्यास, कठोर अनुशासन और अथक मेहनत के माध्यम से स्वयं को इस स्तर तक पहुँचाया है। उन्होंने कहा कि लगातार दूसरी बार सीबीएसई वेस्ट जोन ताइक्वांडो चौंपियनशिप में पदक जीतना विद्यालय की समृद्ध खेल संस्कृति, समर्पित प्रशिक्षकों एवं विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत का परिणाम है। आशुतोष शुक्ला ने अपनी सफलता का श्रेय कोच राम गोविन्द मिश्रा द्वारा नियमित अभ्यास, अटूट अनुशासन, दृढ़ संकल्प और निरंतर कठिन परिश्रम को दिया है।

# अवैध स्पा सेंटरों पर पुलिस ने मारी रेड

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** राजधानी के जयपुर दक्षिण जिले में स्पा और मसाज सेंटरों की आड़ में संचालित अवैध गतिविधियों के खिलाफपुलिस ने कार्रवाई करते हुए श्याम नगर, मानसरोवर और शिप्रापथ थाना क्षेत्रों में एक साथ छापेमारी की। इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न स्पा सेंटरों से संचालकों और मैनेजरों सहित 13 लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही इन स्पा सेंटरों को सील कराने के लिए नगर निगम जयपुर को पत्र भेजा गया है। पुलिस उपायुक्त दक्षिण राजर्षि राज ने बताया कि स्पा एवं मसाज सेंटरों में अवैध और अनैतिक गतिविधियां संचालित होने तथा सरकारी गाइडलाइन एवं पुलिस कमिश्नरेट के आदेशों की अवहेलना किए जाने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। इसके बाद पुलिस की एक विशेष टीम गठित कर कार्रवाई की गई। जहां चलाए गए अभियान के दौरान मानसरोवर क्षेत्र के लियो नाइट स्पा, लियो नाइट, लश लाइफ स्पा और आतिश मार्केट स्थित ब्राइट कैंडल स्पा और शिप्रा थाना क्षेत्र महारानी फॉर्म स्थित ड्रीम नाइट स्पा सेंटर पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई के दौरान स्पा सेंटरों में संदिग्ध पाए गए संचालकों, मैनेजरों एवं अन्य व्यक्तियों सहित 13 लोगों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 एवं 170 के तहत गिरफ्तार किया गया। डीसीपी राजर्षि राज ने कहा कि शहर में अवैध एवं अनैतिक गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों के विपरीत संचालित सभी स्पा सेंटरों को तत्काल प्रभाव से सील कराने के लिए नगर निगम जयपुर को औपचारिक पत्र भेज दिया गया है।

# यूजीसी नियमों के खिलाफ गरजी करणी सेना

## बैरिकेड तोड़े तो पुलिस ने छोड़ी पानी की बौछार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** यूजीसी के प्रस्तावित नए नियमों को वापस लेने तथा सवर्ण समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना की ओर से सोमवार को जयपुर में विशाल प्रदर्शन किया गया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना के नेतृत्व में निकली सवर्ण न्याय यात्रा के समापन पर कलेक्ट्रेट तक मार्च निकालने का प्रयास किया गया लेकिन पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए रैली को विभिन्न स्थानों पर रोक दिया। इस दौरान कई जगह प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की हुई। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और बाद में कलेक्ट्रेट सर्किल के पास हल्का लाठीचार्ज भी किया। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिला कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

### 24 दिन पहले देशनोक से शुरू हुई थी यात्रा

महिपाल सिंह मकराना ने यूजीसी के प्रस्तावित नियमों के विरोध में करीब 24 दिन पहले बीकानेर के देशनोक स्थित करणी माता मंदिर से सवर्ण न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। यात्रा कई जिलों से गुजरते हुए रविवार को जयपुर पहुंची। इससे पहले यात्रा के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और वे बेहोश हो गए थे लेकिन उन्होंने व्हीलचेयर पर बैठकर भी यात्रा जारी रखी। रविवार रात गोविंदपुरा से बजरंग द्वार तक मशाल जुलूस भी निकाला गया।

### प्रदेश सहित 24 राज्यों से पहुंचे समर्थक

करणी सेना के अनुसार प्रदर्शन में राजस्थान के जयपुर, बीकानेर, चूरू, झुंझुनू, सीकर सहित कई जिलों के अलावा 24 राज्यों से भी बड़ी संख्या में समर्थक शामिल हुए। सोमवार सुबह से ही कालवाड़ रोड स्थित रावण गेट पर हजारों की संख्या में लोग जुटने लगे। नारेबाजी करते हुए रैली कलेक्ट्रेट की ओर बढ़ी।

### वाटर कैनन और लाठीचार्ज

स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने पहले वाटर कैनन का इस्तेमाल किया। कुछ प्रदर्शनकारियों ने वाटर कैनन वाहन तक पहुंचने का प्रयास भी किया। बाद में कलेक्ट्रेट सर्किल के पास भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया गया। करणी सेना का आरोप है कि कार्रवाई में महिलाओं पर भी वाटर कैनन और लाठियां चलाई गई तथा एक कार्यकर्ता का पैर टूट गया। वहीं लाठीचार्ज के विरोध में बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारी खासाकोठी पुलिया के नीचे सड़क पर धरने पर बैठ गए।

### एंबुलेंस को दिया रास्ता

प्रदर्शन के दौरान भीड़ के बीच एक एंबुलेंस फंस गई। हालांकि प्रदर्शनकारियों ने मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए तुरंत रास्ता खाली कराया और एंबुलेंस को सुरक्षित निकलने दिया।

### क्या है यूजीसी के प्रस्तावित नियम

यूजीसी के प्रस्तावित नियमों के तहत प्रत्येक कॉलेज में इक्वल ऑपर्च्युनिटी सेंटर और इक्वलिटी कमेटी का गठन अनिवार्य होगा। भेदभाव संबंधी शिकायत मिलने पर 24 घंटे के भीतर बैठक, 15 दिन में जांच रिपोर्ट और उसके बाद कार्रवाई का प्रावधान रखा गया है। नियमों का पालन नहीं करने वाले संस्थानों पर यूजीसी अनुदान रोकने, ऑनलाइन एवं डिस्टेंस कोर्स बंद करने तथा गंभीर मामलों में मान्यता समाप्त करने जैसी कार्रवाई कर सकता है।

### कई जगह रोकी गई रैली, बैरिकेडिंग तोड़ आगे बढ़े कार्यकर्ता

पुलिस ने कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए 200 फीट बाइपास, कालवाड़ पुलिया, झोटवाड़ा पुलिया और चौमूं पुलिया सहित कई स्थानों पर बैरिकेडिंग कर भारी पुलिस बल और एसटीएफ तैनात की थी। प्रशासन ने यात्रा को शहर के भीतर कलेक्ट्रेट तक ले जाने की अनुमति नहीं दी थी लेकिन प्रदर्शनकारी लगातार बैरिकेडिंग हटाकर आगे बढ़ते रहे। चौमूं पुलिया और बाद में कलेक्ट्रेट क्षेत्र में पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान डीसीपी वेस्ट प्रशांत किरण के साथ भी धक्का-मुक्की की घटना सामने आई।

### विरोध के कारण

करणी सेना और अन्य विरोधी संगठनों का कहना है कि प्रस्तावित नियमों में सभी वर्गों को समान प्रतिनिधित्व नहीं दिया गया है। उनका आरोप है कि झूठी शिकायतों के विरुद्ध कार्रवाई का स्पष्ट प्रावधान नहीं है और इससे शिक्षण संस्थानों पर अनावश्यक दबाव बढ़ेगा। संगठन का यह भी कहना है कि किसी भी व्यवस्था से छात्रों को जन्मजात अपराधी की तरह देखने की स्थिति नहीं बननी चाहिए।

### मकराना बोले- लोकतांत्रिक अधिकारों का सम्मान हो

राष्ट्रीय अध्यक्ष महिपाल सिंह मकराना ने कहा कि संगठन पिछले कई महीनों से लोकतांत्रिक और गांधीवादी तरीके से आंदोलन कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन ने यात्रा में बाधा डालने के लिए बसों को रोका और लोगों को कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने में परेशानियां पैदा की। उन्होंने कहा कि संविधान प्रत्येक नागरिक को शांतिपूर्ण विरोध का अधिकार देता है और यदि समाज की आवाज दबाने का प्रयास किया गया तो आंदोलन को राष्ट्रीय स्तर तक विस्तारित किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाए गए। पूरे मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर लगातार नजर रखी गई।

प्रदर्शन के बाद सुरक्षा व्यवस्था सामान्य कर दी गई।

# अखाराम दादाजी महाराज के जन्मोत्सव को लेकर फोल्डर का विमोचन

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** सिद्ध पीठ परसनेऊं धाम में हनुमान भक्त संत शिरोमणि अखाराम दादाजी महाराज के जन्मोत्सव को लेकर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन को सफल बनाने को लेकर परसनेऊ धाम में मीटिंग का आयोजन रखा गया। साथ ही दो दिवसीय धार्मिक आयोजन को लेकर फोल्डर का भी विमोचन किया गया। जिसमें थाना प्रभारी बेगाराम मीणा ने कहा मैं बहुत भाग्यशाली हूं ऐसे सिद्ध पीठ धाम में आज पहली बार आया हूं या आकर मेरे को शांति प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा दो दिवसीय दादाजी महाराज के जन्मोत्सव को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से हर वर्ष की तरह इस वर्ष शानदार व्यवस्था देखने को मिलेगी साथ ही आप जितना जाता चाहोगे उतना उपलब्ध करवाया जाएगा। साथ ही सीसीटीवी कैमरे, पार्किंग की व्यवस्था, स्काउट गाइड्स, वॉलिंटियर एवं ग्रामवासी हमेशा सहयोग प्रदान करते हैं आगे भी और अधिक सहयोग प्रदान करेंगे। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि मगाराम मेघवाल ने कहा पंचायत की तरफ से स्थाई तौर पर दुकान लगाने वाले व्यक्तियों की दुकान लगाने में सुधार किया जाएगा साथ ही साफ सफाई, पानी निकासी आदि पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। इस अवसर पर मंदिर के जगदीश, किशन, श्रवण पुजारी ने बताया 1 व 2 सितंबर तक दो दिवसीय धार्मिक आयोजन के तहत देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु गण इस धार्मिक आस्था के केंद्र में डुबकी लगाएंगे जिसको लेकर सभी का सहयोग आगे भी सराहनीय रहा है भविष्य में भी सहयोग बना रहेगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने कहा मेरे लायक कोई भी कार्य होगा हमेशा में तैयार रहूंगा एवं दो दिवसीय धार्मिक आयोजन में मैं स्वयं उपस्थित रहूंगा सेवक की तरह। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों ने फोल्डर का विमोचन किया। जिसमें गिरधारी सिंह राठौड़, छोटू सिंह राजपुरोहित, रमेश सारस्वत, उत्तम पुजारी, राजाराम पुजारी, एडवोकेट प्रकाश आसोपा, उमाशंकर दाधीच, राधे आसोपा आदि ग्रामवासी एवं महिलाएं उपस्थित रही।

# स्कूल वाहनों पर बड़ी कार्रवाई, एक दर्जन वाहनों के चालान



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** सड़क सुरक्षा एवं परिवहन नियमों की पालना सुनिश्चित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग के आरटीओ करणाराम बिशु के नेतृत्व में सोमवार को निम्बी तिराहे पर जलदाय विभाग कार्यालय के पास विशेष जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान स्कूल वाहनों एवं बाल वाहिनियों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान करीब एक दर्जन स्कूल वाहनों के दस्तावेजों की पड़ताल की गई। अधिकारियों ने वाहनों के फिटनेस प्रमाणपत्र, बीमा, प्रदूषण प्रमाणपत्र, वाहन परमिट तथा चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। जिन वाहनों में परिवहन नियमों का उल्लंघन पाया गया, उनके विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए कुल 71 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। आरटीओ करणाराम बिशु ने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। बिना वैध दस्तावेज अथवा नियमों की अनदेखी कर संचालित होने वाले स्कूल वाहनों के खिलाफ आगे भी नियमित रूप से सघन जांच अभियान जारी रहेगा। उन्होंने वाहन संचालकों से सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण रखने एवं परिवहन नियमों की पालना के निर्देश दिए।

# नेत्रदान का प्रेरणादायी निर्णय लेने पर भामू परिवार का सम्मान



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** मानवता, करुणा एवं परोपकार की अनुपम मिसाल प्रस्तुत करते हुए स्वर्गीय वेदप्रकाश भामू के निधन के उपरांत नेत्रदान का महान निर्णय लेने वाले उनके शोकाकुल परिवार को लायंस क्लब सुजानगढ़ के पदाधिकारियों द्वारा नेत्रदानी के ग्राम जिनरासर जाकर सम्मान-पत्र प्रदान कर किया गया और स्व. वेदप्रकाश भामू को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। क्लब की ओर से लीलावती धर्मपत्नी, छोटूराम पिता, फुसी देवी माता, नरेश कुमार, विद्याधर एवं राजेश भ्राता तथा वंदना एवं खुशबू पुत्रियाँ को इस प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय निर्णय के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए उनके सेवाभाव एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की सराहना की गई एवं कृतज्ञता ज्ञापित की। जोन चेयरपर्सन प्रशांत पारीक ने कहा कि अपने प्रियजन के निधन के बाद भी नेत्रदान का निर्णय लेकर भामू परिवार ने यह सिद्ध कर दिया कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है। डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर विजन एमजेएफ लायन कमल तापड़िया, अध्यक्ष एडवोकेट लायन रजनीकांत सोनी, उपाध्यक्ष लायन अशोक जाजू एवं सचिव लायन देवेंद्र बेदी उपस्थित रहे। सभी लायंस पदाधिकारियों ने भामू परिवार को सम्मान-पत्र देकर उनके इस महान एवं प्रेरणादायी निर्णय के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं सम्मान व्यक्त किया। एमजेएफ लायन कमल तापड़िया ने कहा कि नेत्रदान महादान है और प्रत्येक व्यक्ति को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आना चाहिए।

# बच्चों को दी कानूनी सहायता सम्बंधी जानकारी

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति, सुजानगढ़ के अध्यक्ष महेश सिंह मीणा व सचिव वंदना कंवर के निर्देशों पर मोटीवेटिंग मंडे थीम पर सोमवार को विधिक जागरूकता कार्यक्रम संस्कार एकेडमी के स्टूडेंट्स के बीच आयोजित किया गया। शिविर में पीएलवी विजय पाल श्योराण ने बच्चों की हेल्प लाइन 1098, नालसा हेल्प लाइन 15100, राजस्थान संपर्क पोर्टल नं. 181 को बार-बार दोहरा कर याद करवाया व इनका उपयोग कैसे करें ये समझाया। निदेशक देवीलाल प्रजापत ने हर स्थिति में खुद के जीवन को सुरक्षित रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि कैसे भी हालात हो, हमें मुकाबला करना चाहिए। इस अवसर पर अनेक कानूनी जानकारियां दी गई। संचालन शिव प्रसाद ने किया।

# स्वैच्छिक रक्तदान शिविर व नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच परामर्श शिविर आयोजित

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** स्व. भीमसिंह शेखावत की सातवीं पुण्यतिथि के अवसर पर भावठड़ी गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। राजगढ़ विधायक मनोज न्यांगली, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष वर्षा सोमरा, महावीर भोजदेशर, सोमवीर लांबा ने स्व. भीम सिंह की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में 120 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर आयोजकों द्वारा रक्तवीरों को प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कृष्ण सैनी, राजकुमार राठी, विजेंद्र, जितेन्द्र सिंह राठौड़, दिनेश भाकर, गफार खां फतेहपुर, पवन बरवड सूरजगढ़, संदीप शर्मा, अमित, सूरत सिंह नयांगली, गिरवर सिंह नयांगली, मुकेश नयांगली, बलवान भास्कर, सज्जन वर्मा, सज्जन सैनी, सचिन, विकास शेखावत, अशोक श्याम सेवा समिति गुरुग्राम, पंकज, सुखवीर मील, युवा नेता निखिल मावंडिया, अशोक शर्मा चिड़ावा, आशु स्वामी, युवा नेता सुनील भड़िया, रणजीत ठेकेदार, सुरेश ठेकेदार दोबडा, मोनू पहलवान, विजेंद्र सिंह बामला, अजय यादव, सुरेंद्र सिंह तंवर, विजेंद्र सिंह तलवनड़ी, सोनू, विजेंद्र सिंह शेखावत उरीका, नवीन बिजारनियां, अजय सिंह शेखावत, विकाश मेघवाल, मोहित बागड़ी, यशु भारद्वाज, प्रमोद डांगी, सूर्यदेव चौधरी, गौ सेवक राजू बुहाना, प्रवीण योगी, सुनील झाझड़िया, सैंटी चिड़ावा, विकास डुमोली, श्रवण भालोठिया, धर्मेंद्र हिन्दू, प्रदीप डेंडवाल देवरोड़, बंटी डैला, सोनू महला, विरेन्द्र फतेहपूरा, पवन कुमार, मंतेश जीणी, सुनील पेंटर, संदीप श्योरान लोहारू ने पुष्प अर्पित किए।

मंच संचालन बिसनपाल गुरुजी एवं प्रमोद खंडेलवाल ने किया। एडवोकेट प्रदीप मान ने सभी रक्तवीर साथियों का आभार व्यक्त किया।

# शीतल जल मंदिर एवं सुलभ शौचालय का शुभारम्भ

ललित दाधीच



**राजलदेसर ( नवयत्न )।** सिद्ध पीठ परसनेऊं धाम में स्वर्गीय गीता देवी, स्वर्गीय मुन्नी देवी पुजारी की स्मृति में पोतियों ने उनकी स्मृति में शीतल जल मंदिर एवं सुलभ शौचालय का निर्माण कराया जिसका शुभारंभ राजलदेसर थाना प्रभारी बेगाराम मीणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़, राजलदेसर भाजपा मंडल प्रभारी गिरधारी सिंह राठौड़, मंदिर के पुजारी जगदीश, किशन, मगाराम मेघवाल, मंडल अध्यक्ष छोटू सिंह राजपुरोहित, उत्तम पुजारी, राजाराम पुजारी, रमेश सारस्वत, एडवोकेट प्रकाश आसोपा, पंडित ओमप्रकाश उपाध्याय के कर कमलो से शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर थाना प्रभारी बेगाराम मीणा ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में जो दान पुण्य किया जाता है उससे धन की वृद्धि होती है। पुजारी परिवार द्वारा शानदार कार्य किया गया है जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए उतनी कम है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भागीरथ सिंह राठौड़ ने कहा बालाजी दादाजी मंदिर में प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु आते हैं उनको किसी तरह की असुविधा न हो इसको लेकर पुजारी परिवार ने जल मंदिर एवं सुलभ शौचालय का निर्माण करवाया है। निश्चित रूप में आने वाले मेले में श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। इस अवसर पर अनेक श्रद्धालु गण उपस्थित थे। जिसमें राधे आसोपा, उमाशंकर दाधीच, बजरंग सिंह राजपुरोहित आदि उपस्थित थे। पुजारी जगदीश, किशन, श्रवण ने पुजारी परिवार का आभार जताया एवं भविष्य में भी इसी तरह सहयोग करने की कामना की। कार्यक्रम से पूर्व आए हुए अतिथियों का दुपट्टा दादाजी महाराज की तस्वीर भेंट करके सम्मान किया गया।

## सम्पादकीय

# नशा मुक्त भारत




प्रधानमंत्री ने नशे की लत की समस्या से निपटने के लिए विकसित भारत के लिए नशा मुक्त युवा संकल्प अभियान की जो शुरुआत की, वह समय की मांग है। इस अभियान को देश भर में जनभागीदारी आंदोलन के रूप में शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य देश के युवाओं को नशे की लत के खिलाफ एक साथ मिलकर प्रयत्न करने के लिए एकजुट करना है। इस अभियान का उद्देश्य केवल युवाओं को नशा मुक्त भारत के अभियान में योगदान के लिए प्रोत्साहित करना ही नहीं, बल्कि विकसित भारत के लक्ष्य को समर्थन देना भी है। निश्चित रूप से यह एक महत्वाकांक्षी अभियान है। जब देश विकसित भारत के सपने को साकार करने की ओर आगे बढ़ रहा है, तब यह आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है कि देश के युवा मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहें और किसी भी तरह के नशे के शिकार न होने पाएं। इस अभियान को वास्तव में जन आंदोलन बनाने के लिए सरकार को बहुत कुछ करना होगा, क्योंकि आम तौर पर यह देखा जाता है कि सरकारी आयोजनों एवं अभियानों में स्वेच्छा से जनभागीदारी नहीं हो पाती। एक समस्या यह भी है कि आमतौर पर ऐसे अभियानों से अन्य राजनीतिक दल और विशेष रूप से विरोधी राजनीतिक दल जुड़ना पसंद नहीं करते। सरकार को यह देखना चाहिए कि इस अभियान में सभी राजनीतिक दलों का सहयोग कैसे प्राप्त हो? इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि युवाओं में नशे की बढ़ती लत किसी एक राज्य या क्षेत्र विशेष की समस्या नहीं है। यह एक तरह से पूरे देश की समस्या है, लेकिन इसी के साथ तथ्य यह भी है कि कुछ सीमावर्ती राज्य इस समस्या से कहीं अधिक ग्रस्त हैं। उदाहरणस्वरूप पंजाब एक अर्से से नशे की समस्या से गंभीर रूप से ग्रस्त है। एक के बाद एक राज्य सरकारों ने पंजाब को नशा मुक्त करने के लिए अभियान छेड़ा, लेकिन उन्हें वांछित सफलता नहीं मिल सकी। पंजाब जैसी स्थिति पूर्वोत्तर के कुछ राज्यों की भी है। इसका कारण यह है कि जहां पंजाब में पाकिस्तान मादक पदार्थ भेजने में लगा हुआ है, वहीं पूर्वोत्तर में यह काम म्यांमार से हो रहा है। यह एक चिंताजनक तथ्य है कि पिछले कुछ वर्षों में सीमा पार से नशे की आवक बढ़ी है। इसके अतिरिक्त देश में भी चोरी-छिपे मादक पदार्थ बनाने वालों की संख्या बढ़ती हुई दिख रही है। युवाओं को नशे से बचाने के लिए केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्य सरकारों और सामाजिक-सांस्कृतिक संगठनों को तो सक्रिय होना ही होगा, समाज को भी इस खतरे से सावधान रहना होगा। घर-परिवार और शिक्षा संस्थानों की ओर से छात्रों को इसके लिए सतत रूप से चेताया जाना चाहिए कि नशे की लत किस तरह युवाओं के भविष्य को बर्बाद कर देती है। हर स्तर पर सक्रियता और जागरूकता से ही नशे की समस्या से निपटा जा सकता है।

## विशेष आलेख

# असम की भूमि को लीलती बाढ़



कई दशकों की सबसे भयावह बाढ़ झेल रहे असम में एक तरफ जलप्लावन है तो दूसरी तरफ जमीन के कटाव से लोग बेघर-बेजमीन हो रहे हैं। अरुणाचल प्रदेश की तलहटी से निकलने वाली सपाई नदी के तेज बहाव ने कई रेलवे स्टेशनों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क लील ली। शिवसागर, डिब्रूगढ़ जैसे जिलों में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों ने दर्जनों बस्तियों को अपने में समा लिया। बाढ़ के चलते एक तो राज्य का विकास हर साल 19 साल पीछे चला जाता है तो दूसरी तरफ राज्य भूमि कटाव के कारण औसतन एक प्रतिशत की दर से जमीन खो रहा है। असम सरकार के अनुसार 1950 से अभी तक राज्य की 4,27,000 हेक्टेयर भूमि नदियों के कटाव के चलते लुप्त हो चुकी है, जो राज्य के क्षेत्रफल का 7.4 प्रतिशत है। वर्ष 2020 के बाद जिस तरह जलवायु परिवर्तन का कुप्रभाव बढ़ा है और चीन द्वारा तिब्बत में ब्रह्मपुत्र के साथ छेड़छाड़ बढ़ी है, राज्य में भूमि कटाव और तेज होता जा रहा है।

जुलाई 2019 में जल संसाधन मंत्रालय ने लोकसभा को बताया था कि 2014 से 2019 के बीच असम में भूस्खलन के कारण 86,536 लोग भूमिहीन हो गए थे। बाढ़ तो असम में सदियों से चार महीने डेरा डालती रही है, फिर भी वहां कभी नदी से डर कर लोगों का पलायन नहीं हुआ। बीते कुछ दशकों के दौरान पानी के बढ़ते भूमि कटाव ने इस राज्य में नए किस्म का विग्रह पैदा कर दिया है। असम में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के किनारे बसे गांव-कस्बे साल दर साल सिकुड़ रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के गहराते संकट के चलते जब बारिश और गर्मी के अतिरेक एवं हिमनद पर निर्भर नदियों में अनियमित और बेमौसम तेज प्रवाह के चलते तटों का घुलकर पानी में समा जाना बेहद गंभीर पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक संकट बढ़ा रहा है। सदियों पहले नदियों के साथ बहकर आई जिस मिट्टी ने कभी असम राज्य का निर्माण किया, अब वही इस राज्य को बाढ़ और भूमि कटाव से श्रापित कर रही है। ब्रह्मपुत्र और बराक और उनकी सहायक नदियों का बेहद तेज बहाव अपने किनारों की बस्तियों-खेतों को जिस तरह उजाड़ रहा है, उससे राज्य में कई तरह के संकट उपज रहे हैं, जिसमें विस्थापन और भूमिहीन हो जाना बहुत मार्मिक है।

जमीन का कटाव अपने साथ पलायन और सड़क, पुल, सरकारी भवनों आदि के नुकसान सहित कई त्रासदियां लेकर आता है। असम की लगभग 25 लाख आबादी ऐसे गांवों में रहती है, जहां हर साल नदी उनके घर के करीब आ रही है। ऐसे इलाकों को यहां 'चार' कहते हैं। चार अर्थात कछार यानी जहां तक नदी का अधिकतम विस्तार होता है। इनमें से कई नदियों के बीच के द्वीप भी हैं। हर बार जमीन का कटाव रोकना, मुआवजा, पुनर्वास चुनावी मुद्दा भी होते हैं, लेकिन यहां बसने वाले किस तरह उपेक्षित हैं, इसकी बानगी यहां का साक्षरता आंकड़ा है, जो महज 19 प्रतिशत है। यहां की आबादी का 67 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा से नीचे है। तिनसुखिया से धुबरी तक नदी के किनारे जमीन कटाव, घर-खेत की बर्बादी, विस्थापन, गरीबी और अनिश्चितता की बेहद दयनीय तस्वीर है। कहीं लोगों के पास जमीन के कागजात हैं तो जमीन नहीं। कहीं बाढ़-कटाव में उनके दस्तावेज बह गए और वे नागरिकता रजिस्टर में 'डी' श्रेणी में आ गए। इसके चलते आपसी विवाद, सामाजिक टकराव भी गहरे तक दर्द दे रहा है। सोनितपुर जिले में 2,711 लोगों की जमीन नदी में समा गई तो मोरीगांव में 18,425, माजुली में 10,500, कामरूप में 9,337 लोग अपनी भूमि से हाथ धो बैठे। बेशक असम की भौगोलिक स्थिति जटिल है और यहां आने वाली तेज बाढ़ का असली कारण उसके पड़ोसी राज्यों से आने वाला तेज बहाव हैं।

भारत सरकार की एक रिपोर्ट बताती है कि असम में नदी के कटाव को रोकने के लिए बनाए गए अधिकांश तटबंध जर्जर हैं और कई जगह पूरी तरह नष्ट हो गए हैं। एक मोटा अनुमान है कि राज्य में लगभग 4,448 किलोमीटर नदी तटों पर पक्के तटबंध बनाए गए थे, ताकि बाढ़ के समय जमीन के कटाव को रोका जा सके, लेकिन आज इनमें से आधे भी नहीं बचे हैं। वर्षों से इनकी मरम्मत नहीं हुई। नदियों ने अपना रास्ता भी खूब बदला है। भूमि कटाव का बड़ा कारण राज्य के जंगलों और आर्द्र भूमि पर हुए अतिक्रमण भी हैं। सभी जानते हैं कि पेड़ मिट्टी का क्षरण रोकते हैं और बरसात को भी सीधे धरती पर गिरने से बचाते हैं। आर्द्र भूमि पानी की मात्रा को बड़े स्तर पर नदी के जल-विस्तार को सोखते थे। दुर्भाग्य है कि ऐसे स्थानों पर अतिक्रमण का रोग ग्रामीण स्तर पर संक्रमित हो गया और तभी नदी को अपने ही किनारे काटने के अलावा कोई रास्ता नही दिखा। आज जरूरत है कि असम की नदियों में ड्रेजिंग के जरिये गहराई को बढ़ाया जाए। इसके किनारे से रेत उत्खनन पर रोक लगे। सघन वन भी कटाव रोकने में मददगार होंगे। अमेरिका की मिसीसिपी नदी भी ऐसे ही भूमि कटाव करती थी। वहां 1989 में तटबंध को अलग तरीके से बनाया गया और उसके साथ खेती के प्रयोग किए गए। आज वहां नदी-कटाव पूरी तरह नियंत्रित हैं। आने वाले दिनों में कम समय में अत्यधिक और तेज बरसात होना ही है। ऐसे में असम के अस्तित्व को बचाने के लिए उसके तटों की सुरक्षा के लिए दूरगामी योजना अनिवार्य है, जो यहां के जल और जन दोनों को बचा सके।

## आज का राशिफल

### मेष
यात्रा मनोरंजक रहेगी। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। विरोधी सक्रिय रहेंगे। धन प्राप्ति सुगम होगी। समय अनुकूल है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार के साथ समय प्रसन्नतापूर्वक व्यतीत होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। जल्दबाजी न करें।

### वृष
मित्रों का सहयोग करने का मौका प्राप्त होगा। मेहनत का फल मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचितों पर अंधविश्वास न करें। कारोबार ठीक चलेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। भाग्य अनुकूल है।

### मिथुन
स्थायी संपत्ति के कार्य मनोनुकूल लाभ देंगे। किसी बड़ी समस्या का हल सहज ही प्राप्त होगा। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। भाग्य अनुकूल है। व्यापार-व्यवसाय में वृद्धि होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। शत्रुओं का पराभव होगा। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। प्रसन्नता रहेगी।

### कर्क
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। पार्टी व पिकनिक का आयोजन हो सकता है। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। जल्दबाजी न करें।

### सिंह
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। फालतू खर्च होगा। किसी के व्यवहार से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई निर्णय न लें। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। आय में निश्चितता रहेगी। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। सहकर्मी साथ नहीं देंगे। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे।

### कन्या
विवाद को बढ़ावा न दें। कानूनी अड़चन से सामना हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप से स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है। आय बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में कार्यभार रहेगा। जोखिम न लें।

### तुला
भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। किसी बड़े काम को करने की योजना बनेगी। आत्मसम्मान बना रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। घर-परिवार में कोई मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### वृश्चिक
कार्यस्थल पर परिवर्तन की योजना बनेगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। ऐश्वर्य व आरामदायक साधनों पर व्यय होगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। जल्दबाजी से बचें। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

### धनु
तीर्थदर्शन की योजना फलीभूत होगी। सत्संग का लाभ मिलेगा। आत्मशांति रहेगी। यात्रा संभव है। व्यापार ठीक चलेगा। नौकरी में चैन रहेगा। दूसरों की जवाबदारी न लें। थकान रह सकती है। किसी बड़ी समस्या से मुक्ति मिलेगी। घर में मांगलिक कार्य हो सकता है।

### मकर
डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। शेयर मार्केट में जल्दबाजी न करें। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। चोट व रोग से कष्ट संभव है।

### कुंभ
चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि हो सकती है। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। किसी अपरिचित व्यक्ति पर अतिविश्वास न करें। किसी भी प्रकार के विवाद में न पड़ें। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी। मित्रों के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा।

### मीन
किसी व्यक्ति विशेष का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। पारिवारिक सदस्यों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। नौकरी में मातहतों से अनबन हो सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

## स्वास्थ्य समाचार

# सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से शरीर को मिलते हैं यह फायदे

सूरजमुखी का फूल जितना देखने में सुंदर होता है। उतना ही स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। सूरजमुखी की बीजों के फायदे के बारे में, तो आपने हजारों बार सुना होगा लेकिन क्या आप जानते हैं इसकी फूलों की चाय भी बनाई जा सकती है। इस चाय को पीने से हार्ट को हेल्दी रखने में मदद मिलती है और शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल भी कम होता है। ये चाय शरीर की सूजन कम करने के साथ शरीर डिटॉक्स भी होता है। सूरजमुखी के फूलों में मैग्निशियम, फॉस्फोरस, प्रोटीन और विटामिन बी1 आदि पाए जाते हैं। इसके सेवन से सांस संबंधी परेशानी भी कम होती है और शरीर हेल्दी रहता है।

### शरीर की सूजन को कम करे
सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से शरीर की सूजन कम होने के साथ शरीर भी हेल्दी रहता है। कई बार ज्यादा देर पैर लटकाने से पैरों में सूजन की समस्या हो जाती है। ऐसे में इस चाय को पीने से ये सूजन कम होने के साथ शरीर भी हेल्दी रहता है।

### हाई ब्लड प्रेशर को करे कंट्रोल
सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से हाई ब्लड प्रेशर को कम करने में मदद मिलती है। इस चाय में काफी मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं, जो ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने के साथ शरीर को स्वस्थ रखते है। इस चाय को दिन में एक बार पीया जा सकता है।

### मूड सुधारे
सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से मूड को बेहतर करने में मदद मिलती है। सूरजमुखी के फूलों में भरपूर मात्रा में मैग्नीशियम पाया जाता है, जो मूड को अच्छा करने के साथ एनर्जी को भी बढ़ाते है। ये चाय पीने से कई बीमारियां दूर होती है।

### गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ाए
सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से शरीर से बैड कोलेस्ट्रॉल कम होता है और गुड कोलेस्ट्रॉल बढ़ता है। ये चाय पीने से हार्ट संबंधी समस्याओं का खतरा कम होने के साथ शरीर भी स्वस्थ रहता है।

### ग्लोइंग स्किन के लिए फायदेमंद
सूरजमुखी के फूलों की चाय पीने से स्किन चमकदार बनती है और स्किन की कई समस्याएं भी दूर होती है। ये चाय शरीर को हेल्दी रखने के साथ कई बीमारियों को आसानी से दूर करती है। इस चाय को पीने से स्किन मुलायम बनती है।



### कैसे बनाएं सूरजमुखी के फूलों की चाय
सूरजमुखी के फूलों की चाय बनाने के लिए इसके फूलों को धोकर साफ कर लें और कुछ देर के लिए धूप में सुखा दें। जब फूल सूख जाएं, तो इसका बारीक पाउडर पीस लें। अब चाय बनाने के लिए 1 चम्मच पाउडर पानी में मिला दें। पानी उबलने के बाद चाय को छानकर पिएं।

# एड़ियों में दर्द से राहत के लिए करें यह खास योग मुद्रा



शरीर की समस्याओं को दूर करने के लिए आप योगासन और योग मुद्राओं की मदद ले सकते हैं। शारीरिक और मानसिक समस्याओं में आराम पाने के लिए योग रामबाण की तरह काम करता है। सदियों से योग से शरीर की कई समस्याओं का इलाज किया जा रहा है। आज की लाइफस्टाइल में ऊंची हील के जूते और सैंडल की वजह से लोगों की एड़ियों में दर्द होने की समस्या बढ़ती जा रही है। कई कारणों से पैरों और एड़ियों में दर्द की समस्या हो सकती है। लेकिन, योग मुद्रा से आप मांसपेशियों और एड़ियों के दर्द को आसानी से दूर कर सकते हैं।

**सूजन कम करें :** योग मुद्राओं से शरीर की सूजन को कम करने में मदद मिलती है। यह प्लांटर फेशिआइटिस में दबाव की वजह से होने वाले दर्द और सूजन को कम में सहायक होती है।

**एनर्जी का लेवल बढ़ाने में सहायक :** योग मुद्राएं शरीर में एनर्जी के लेवल को बढ़ाने में मदद करती हैं, जिससे दर्द और परेशानी को कम करने में मदद मिल सकती है। मुद्रा लगाने से शरीर के एनर्जी के चैनल सक्रिय होते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन को बेहतर करने में मददगार :** योग मुद्राएं शरीर में ब्लड सर्कुलेशन में सुधार करने में भी मदद कर सकती हैं, जो दर्द को कम करने और शरीर के रिस्पांसिव प्रक्रिया को बेहतर करती है। योग मुद्राओं से रक्त प्रवाह बेहतर होता है, जो टिशू में ऑक्सीजन और पोषक तत्वों पहुंचाने में मदद कर सकता है।

**ज्ञान मुद्रा :** ज्ञान मुद्रा से आप एंडियों को दर्द को कम करने में मदद कर सकते हैं। इसके करने के लिए आप सूख आसन में बैठ जाए। इसके बाद हथेलियों को घुटनों के ऊपर रखें। अब अपनी तर्जनी उंगली को अंगूठे के सिरे पर स्पर्स करें। इस अवस्था में अपनी अन्य अंगुलियों को सीधा रखें। इस मुद्रा में आप करीब 10 मिनट तक बैठें। इस मुद्रा में बैठने पर आप गहरी सांस लें और एड़ियों की तरफ ध्यान को केंद्रित करें।

**पृथ्वी मुद्रा :** पृथ्वी मुद्रा के करने के लिए आप अपनी पीठ को सीधा रखते हुए आराम से बैठ जाएं। इसके बाद अपनी हथेलियां को घुटनों पर ऊपर की ओर रखें। इस मुद्रा में आप अनामिका उंगुली के सिरे को अपने अंगूठे के सिरे से स्पर्श करें, जबकि अन्य अंगुलियों को सीधा रखें। 5 से 10 मिनट के लिए इस मुद्रा को करें।

**वरुण मुद्रा :** वरुण मुद्रा एक ऐसी मुद्रा है, जो सूजन को कम करने में सहायक होता है। इस मुद्रा को करने के लिए अपनी पीठ को सीधा रखते हुए आराम से बैठ जाएं और अपनी हथेलियों को घुटनों पर ऊपर की ओर रखें। इसमें अपनी छोटी उंगली की सिरे को अपने अंगूठे की सिरे से स्पर्श करें, जबकि अन्य अंगुलियों को सीधा रखें। इस मुद्रा को 5 से 10 मिनट के लिए करें।

# हिंदुस्तान जिंक की हिंदुस्तान जिंक अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड को तीन प्रतिष्ठित आईएसओ प्रमाणपत्र, गुणवत्ता और भरोसे को मिली नई मजबूती

निसं

**उदयपुर ( नवयत्न )।** विश्व की सबसे बड़ी एकीकृत जिंक उत्पादक एवं वैश्विक स्तर पर प्रमुख चांदी उत्पादकों में शामिल हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड की हिंदुस्तान जिंक अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड इकाई को आईएसओ 9001, आईएसओ 14001 एवं आईएसओ 45001 जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त प्रमाणपत्र प्राप्त हुए हैं। ये प्रमाणपत्र गुणवत्ता प्रबंधन, पर्यावरण प्रबंधन और व्यावसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के क्षेत्र में हिंदुस्तान जिंक



अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड की मजबूत व्यवस्थाओं और उत्कृष्ट संचालन मानकों को दर्शाते हैं। व्यापक मूल्यांकन के बाद प्रदान किए गए इन प्रमाणपत्रों से कंपनी की उत्पादन प्रक्रियाओं, संचालन नियंत्रण और अनुपालन प्रणालियों की मजबूती को मान्यता मिली है। इस उपलब्धि पर हिंदुस्तान जिंक के सीईओ अमरेन्दु प्रकाश ने कहा कि उत्पादन में उत्कृष्टता केवल अंतिम उत्पाद की गुणवत्ता से नहीं बल्कि उसके पीछे काम कर रही मजबूत और विश्वसनीय प्रणालियों से तय होती है। आईएसओ 9001, 14001 और 45001 प्रमाणपत्र हमारी गुणवत्ता, पर्यावरणीय जिम्मेदारी और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। मूल्यवर्धित उत्पादों के हमारे बढ़ते पोर्टफोलियो के साथ ये वैश्विक मानक ग्राहकों और साझेदारों को उच्च गुणवत्ता वाली जिंक अलॉय समाधान उपलब्ध कराने की हमारी क्षमता को और मजबूत बनाते हैं। हिंदुस्तान जिंक के मूल्यवर्धित उत्पादों के पोर्टफोलियो को मजबूत करने के उद्देश्य से स्थापित हिंदुस्तान जिंक अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड इकाई विशेष जिंक-आधारित अलॉय जैसे एचजेडडीए 3 और एचजेडडीए 5 का निर्माण करती है। इनका उपयोग विभिन्न औद्योगिक और प्रिसिजन इंजीनियरिंग अनुप्रयोगों में किया जाता है। कंपनी ग्राहकों की विशेष जरूरतों के अनुसार कस्टमाइज्ड अलॉय समाधान भी विकसित करती है। एचजेडडीए 3 और 5 दोनों को भारतीय मानक ब्यूरो का प्रमाणन प्राप्त है, जो उनकी गुणवत्ता और स्थिरता को और मजबूत बनाता है। अत्याधुनिक तकनीक, सख्त गुणवत्ता नियंत्रण और पर्यावरणीय सुरक्षा उपायों के साथ हिंदुस्तान जिंक अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड ग्राहकों को विश्वसनीय और उच्च प्रदर्शन वाले अलॉय समाधान उपलब्ध करा रही है। यह उपलब्धि हिंदुस्तान जिंक के व्यापक उत्पाद पोर्टफोलियो को और सशक्त बनाती है, जिसमें रिफाइंड जिंक, लेड, सिल्वर, विशेष जिंक अलॉय तथा कम-कार्बन जिंक उत्पाद ईकोज़ेन शामिल हैं। इससे कंपनी उच्च गुणवत्ता, जिम्मेदार उत्पादन और भविष्य की जरूरतों के अनुरूप धातु समाधान तलाश रहे ग्राहकों की आवश्यकताओं को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेगी। तीनों आईएसओ प्रमाणपत्र हिंदुस्तान जिंक की जिम्मेदार मैन्यूफेक्चिरिंग की सोच को भी दर्शाते हैं, जिसमें गुणवत्ता, संसाधन दक्षता, पर्यावरण संरक्षण और कर्मचारियों की सुरक्षा एवं कल्याण को प्राथमिकता दी जाती है। ये वैश्विक मानक कंपनी को परिचालन दक्षता बढ़ाने, उत्पादन में निरंतरता बनाए रखने और ग्राहकों को बेहतर मूल्य प्रदान करने में मदद करेंगे। जैसे-जैसे ग्राहकों की आवश्यकताएं अधिक विशिष्ट होती जा रही हैं और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं गुणवत्ता, ट्रैसेबिलिटी और जिम्मेदार उत्पादन पर अधिक जोर दे रही हैं, हिंदुस्तान जिंक उन्नत विनिर्माण क्षमताओं और ग्राहक-केंद्रित नवाचार में लगातार निवेश कर रही है। हिंदुस्तान जिंक अलॉयज प्राइवेट लिमिटेड की यह ट्रिपल आईएसओ उपलब्धि कंपनी को एक विश्वसनीय मेटल सॉल्यूशंस प्रदाता के रूप में और मजबूत बनाते हुए वैश्विक प्रतिस्पर्धी एवं भविष्य के लिए तैयार विनिर्माण पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## सावन सोमवार को दिनभर भोलेनाथ की पूजा



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सावन माह के प्रथम सोमवार को शिवालयों में भगवान शिव के जयकारे गूंजे। लोग सुबह से ही भगवान के दरबार में पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचने लगे। महिलाओं के साथ-साथ युवक-युवतियों और पुरूष श्रद्धालुओं ने भी भगवान शिव का सावन सोमवार के उपलक्ष में व्रत रखा। वहीं सार्वजनिक सेवा समिति के सभी सदस्यों ने पाबोलाव धाम से कांवड़ लाकर बोल बम के नारे लगाते हुए डीजे के साथ नाचते गाते हुए पैदल यात्रा की और नालिया बास स्थित हनुमान मन्दिर में भोलेनाथ को बड़ी श्रद्धा के साथ कावड़ से लाया गया जल चढ़ाया। क्रिकेट एसोसियेशन अध्यक्ष निर्मल तँवर ने बताया कि गोपाल खडोलिया, गीता देवी, मनोज पंवार, अनिल पंवार, धर्मचंद स्वामी, धीरज, पुनीत, राहुल टाक, कपिल टाक, रेनु देवी, मांगी देवी, बाबूलाल यादव, शांति आदि लोगों ने इस धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इसी प्रकार ठरड़ा स्थित शिवालय में दिनभर भक्तों का तांता लगा रहा। शहर के अन्य शिवालयों में भी भगवान शिव के अभिषेक का सिलसिला दिनभर चलता रहा।

## निकासी धीमी है, अब घरों के सामने पानी जमा होने लगा है



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** सोमवार का दिन शहर में बारिश के नाम रहा। अलसुबह करीब साढ़े तीन बजे बारिश हुई, जिससे शहर के अनेक इलाकों में पानी भर गया। हृदयस्थली कहे जाने वाले गांधी चौक को तो मानो जलभराव की आदत सी पड़ गई है। चारों और पक्की सड़कें होने तथा समय पर पानी निकासी नहीं होने के कारण गांधी चौक से पुलिया चौक तक जाने वाली सड़क पर व्यापारी अपने आप को लाचार समझने लगे हैं क्योंकि यहां पर पिछले दो सालों से जलभराव की समस्या नई उभरकर सामने आई है। इसका एक कारण नया बास में सड़कों का उंचा हो जाना तथा पानी निकासी की धीमी गति है। वहीं चापटिया तलाई का पानी भी अब रास्तों पर आ गया है। यहां पर स्थित शिवालय और श्मसान, गौशाला में जाने वाले लोगों को अब नाकों चने चबाने पड़ने लगे हैं। कब्रिस्तान वाले रास्ते पर पानी का भराव है। कई घरों के बाहर गलियों में पानी जमा हो जाने के कारण लोगों को पिछली साल के जैसे आपदा के हालात बनने के डर सताने लगे हैं। वहीं देर शाम को भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से निजात तो मिली है लेकिन निचले इलाकों में जल भराव का स्तर बढ़ता जा रहा है और साथ में यहां पर रहने वाले लोगों की चिंताओं का स्तर भी बढ़ रहा है।

# नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में गंदगी का अंबार, दुर्गंध व मच्छरों से लोग परेशान

निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** एक ओर चिकित्सा विभाग आमजन को स्वच्छता, साफ-सफाई और हाइजीन के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाता है वहीं दूसरी ओर नोखा स्थित नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र में फैली गंदगी विभागीय दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार प्रशिक्षण केंद्र परिसर में लंबे समय से कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध फैल रही है। कचरे के कारण मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। लोगों का कहना है कि जो संस्थान भविष्य की नर्सों को स्वच्छता और स्वास्थ्य संबंधी प्रशिक्षण देता है, उसी परिसर में इस प्रकार की गंदगी चिंताजनक



है। नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र से सटे भारतीय जीवन बीमा निगम कार्यालय के कर्मचारियों और अभिकर्ताओं को भी इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है। एलआईसी शाखा प्रबंधक पवन सारण ने बताया कि प्रशिक्षण केंद्र के पास जमा कचरे से आने वाली तेज दुर्गंध के कारण कार्यालय में कार्य करना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि कर्मचारी और अभिकर्ता लंबे समय से इस समस्या से परेशान हैं तथा मच्छरों के बढ़ते प्रकोप से स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं भी बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नर्सिंग प्रशिक्षण केंद्र के अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों द्वारा परिसर की नियमित साफ-सफाई और निगरानी नहीं की जा रही है। उन्होंने जिला प्रशासन एवं चिकित्सा विभाग से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से परिसर की सफाई करवाई जाए तथा भविष्य में नियमित स्वच्छता व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि आसपास के कार्यालयों और आमजन को इस समस्या से राहत मिल सके।

## शिविर में किया जन समस्याओं का समाधान




कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** राज्य सरकार द्वारा जनहित में चलाए जा रहे फॉलो अप ग्रामीण सेवा शिविर के तहत सोमवार को ग्राम पंचायत पिपली में शिविर आयोजित किया गया। शिविर के दौरान ग्रामीणों के ग्रामीणों की जनसमस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ग्रामीणों को पेड़ वितरित किए गए। इस अवसर पर तहसीलदार सोनू आर्य, प्रशासक रेशमा देवी, सहायक विकास अधिकारी सुखदेवा राम, विनोद कुमार, अतिरिक्त विकास अधिकारी रोहितास, ग्राम विकास अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, कनिष्ठ सहायक सीमा सोमरा, खाद्य निरीक्षक सुरेन्द्र जिलोवा, वन विभाग से रीतू सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## एसकेएस इंश्योरेंस एंड फाइनेंशियल सर्विसेज का शुभारंभ

### विधायक श्रवण कुमार ने किया उद्घाटन, पारदर्शी व भरोसेमंद वित्तीय सेवाएं देने का दावा।



मधु दहिया

**सिंघाना ( नवयत्न )।** नगरपालिका क्षेत्र सिंघाना में वित्तीय एवं बीमा सेवाओं के क्षेत्र में नई पहल करते हुए एसकेएस इंश्योरेंस एंड फाइनेंशियल सर्विसेज का शुभारंभ समारोह आयोजित किया गया। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर संस्थान के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार ने फीता काटकर संस्थान का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन को बेहतर, पारदर्शी और विश्वसनीय वित्तीय व बीमा सेवाएं उपलब्ध कराने में ऐसे संस्थानों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने संचालकों को शुभकामनाएं देते हुए जनसेवा की भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया। समारोह में संस्थान के डायरेक्टर ईश्वर सिंह कालोठड़ा सहित डी.पी. सैनी, सोनू पंडित, विकास सरपंच, रवि मीणा, रामोतार हलवाई, नरेंद्र शर्मा, दीनदयाल जैदिया, नाथूराम बागड़ी, कपिल, महेश, अशोक, ओमप्रकाश, कुलदीप डूमोली, बाबूलाल कालोडिया, पवन सिंह, राजू गराटी, रणजीत सैनी, अजित जांगिड़, सियाराम शर्मा, शुभकरण खटीक, रामनिवास खटीक, अभिषेक सैनी, विवेक, ताराचंद बागड़ी, हीरा सिंह और अजय चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। समारोह में सैकड़ों लोगों की उपस्थिति रही। अंत में संस्थान के संचालकों ने सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# जाखल के भवानी सिंह सहित राजस्थान के चार ट्रांसप्लांट खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

निसं

**बुगाला ( नवयत्न )।** 16वें भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार तथा राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में अंगदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले खिलाड़ियों, सामाजिक संस्थाओं, अस्पतालों और संगठनों को सम्मानित किया गया। समारोह में राजस्थान के चार ट्रांसप्लांट खिलाड़ियों झुंझुनूं जिले के जाखल निवासी भवानी सिंह




शेखावत सहीज राजस्थान के अमित शर्मा, हितेश शर्मा और अंकित कुमार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सम्मानित किया। चारों खिलाड़ियों ने किडनी प्रत्यारोपण के बाद अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और संघर्ष के दम पर जर्मनी में आयोजित वर्ल्ड ट्रांसप्लांट गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत के लिए कई पदक जीते और देश का गौरव बढ़ाया। समारोह में भारत सरकार की स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव, राष्ट्रीय अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन के निदेशक डॉ. अनिल कुमार सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन राजस्थान को अंगदान संकल्प अभियान में पूरे देश में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में अधिक से अधिक लोगों को अंगदान का संकल्प लेने और इस विषय में जन-जागरूकता बढ़ाने का संदेश भी दिया गया।

# आदर्शकृषि प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 आयोजित

निसं

**सरदारशहर ( नवयत्न )।** श्री आदर्श ग्रुप ऑफ एजुकेशन में आदर्श कृषि प्रतिभा सम्मान समारोह-2026 का आयोजन किया गया। समारोह में जेट-2026 में चयनित 20 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को साफा, दुपट्टा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों में प्रियंका रायका, संदीप ढाका, खुशी सैनी, सुनील सारण, कोमल पुजारी, मोनिका गोदारा, महिपाल दईया, सावनी जोशी, डिम्पल जांगिड़, अनिल सारण, नीतू मुंडे, किशन दास, वर्षा कंवर, श्यामलाल, सुमित भाभू, आरती सारण, श्रीकृष्ण सिद्ध, लोकेश, जयप्रकाश नाई और बंटी बारूपाल शामिल रहे। समारोह में पूर्व सरपंच धनपत दईया, कृषि पर्यवेक्षक भवानीशंकर शर्मा, अभिमन्यु लाटा, प्रधानाचार्य राधेश्याम बढ़ाढरा, प्राचार्य मनीषा वर्मा तथा कृष्णा कौशिक ने चयनित विद्यार्थियों का साफा, दुपट्टा एवं मोमेंटो देकर सम्मान किया। समारोह की अध्यक्षता पूर्व सरपंच धनपत दईया ने की। मुख्य अतिथि कृषि पर्यवेक्षक भवानीशंकर शर्मा एवं डॉ अमित शर्मा ने अपने संबोधन में चयनित विद्यार्थियों को




बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर एग्रीकल्चर फैकल्टी के हेड मुखराम देडु ने कृषि संकाय की उपलब्धियों एवं गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि कृषि आज का भविष्य है और आदर्श की प्रतिभाएं हर वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। संस्थान के निदेशक गिरीश लाटा ने कहा कि कृषि भारत की अर्थव्यवस्था और विकास की धड़कन है। उन्होंने बताया कि कृषि क्षेत्र में असीमित संभावनाओं को देखते हुए संस्थान में नवाचारों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों की सफलता का श्रेय टीम आदर्श के समर्पण और विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम को देते हुए उन्हें कृषि अनुसंधान तथा नई तकनीकों के विकास में योगदान देने का आह्वान किया। समारोह में संस्थान के पूर्व विद्यार्थी मोहम्मद यूनुस को प्री-पीजी एग्जाम में राज्य स्तर पर चौथी रैंक प्राप्त करने पर आदर्श गौरव सम्मान से भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्र ढाका, मुखराम सारण, गोगराज सारण, पृथ्वी सिंह, परमेश्वर लाल, गिरधारी लाल सिद्ध, रेंवतराम बारूपाल, जय देवी, कविता, नारायण लाटा, मनीषा गौड़, सुनीता शर्मा, रामकुमार, प्रताप सिंह, दीपचंद, हरिकिशन सिद्ध, विशाल महर्षि, राहुल बाकोलिया, अजय शर्मा, कपिल सारस्वत, पवन पारीक, राधाकृष्ण स्वामी, रामअवतार पारीक सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मुखराम देडु एवं हरिकिशन सिद्ध ने किया तथा समापन वंदे मातरम् के साथ हुआ।

# जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ का दिया संदेश

निसं

**श्रीमाधोपुर ( नवयत्न )।** जल, जंगल और जीवन को बचाने के संकल्प के साथ सोमवार को श्रीमाधोपुर में चौधरी नाथूराम भामू रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर एमएस अस्पताल के पीछे जल बचाओ, पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ समिति एवं रोटरी क्लब श्रीमाधोपुर के संयुक्त तत्वावधान में भव्य पर्यावरण संरक्षण व योग सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महामंडलेश्वर संत ओंकार दास महाराज सीता राम बाबा बावड़ी आश्रम श्रीमाधोपुर ने की। मुख्य अतिथि के रूप में भागीरथ सिंह बिजारणियां पूर्व वाइस चांसलर शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर उपस्थित रहे।

### योग पुस्तक का विमोचन व सम्मान

इस अवसर पर सुनील धीनवा द्वारा लिखित पुस्तक योग का विमोचन भी किया गया। पर्यावरण संरक्षण और योग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण प्रेमी राजू बागवान, ताराचंद चीता इतिहासकार, कैलाश चंद सैनी हलवाई, सिंगर महेश यादव खुर्मपुरा, राजेश सैनी, सतवीर सामोता, सुभाष चंद्र चेजारा, शिवकुमार वर्मा, भावना कुड़ी, विनेश सैनी, निकिता पारीक, दिलीप राष्ट्रवादी, हरीश जीनगर, अंकित चेजारा, किशोर कुमार शर्मा, राजेंद्र कुमार शर्मा, महेन्द्र खडोलिया, हरिओम कुमावत, महेन्द्र सैनी हिन्दुस्तानी, मुकेश नवहाल, जितेंद्र सिंह योग शिक्षक, तन सुख कुमावत, मानसिंह शेखावत, लायंस क्लब से सागरमल हलवाई, सीताराम सैनी पूर्व वैज्ञानिक, डॉ नीलकंठ कयाल, माणकचंद तिवाड़ी को भी पर्यावरण पुरस्कार से नवाजा गया। मुख्य अतिथि भागीरथ सिंह बिजारणियां ने कहा कि पर्यावरण को बचाने की शुरुआत हमें स्वयं से करनी होगी तभी आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ भविष्य मिल सकेगा। महामंडलेश्वर संत ओंकार दास महाराज ने भारतीय संस्कृति और प्रकृति संरक्षण को जोड़ते हुए कहा कि पेड़ लगाना ही ईश्वर की




### डॉ माधव सिंह की सराहनीय पहल

कार्यक्रम के संयोजक एवं भामाशाह डॉ माधव सिंह अध्यक्ष जल बचाओ पेड़ लगाओ जीवन बचाओ समिति श्रीमाधोपुर की दूरदर्शिता और समाजसेवा की भावना इस आयोजन का केंद्र रही। डॉ माधव सिंह ने स्वागत भाषण में कहा कि श्रीमाधोपुर के सौंदर्यकरण और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं में दोनों संस्थाओं का अहम योगदान रहा है। पर्यावरण और योग ही स्वस्थ समाज की आधारशिला हैं। डॉ माधव सिंह ने अपनी ओर से करीब 50 प्रतिभाओं एवं मंचस्थ अतिथियों को साफा, शाल, दुपट्टा, पौधे, पानी की बोतल और पानी कैम्पर भेंट कर सम्मानित किया। उनकी इस उदारता और समर्पण की सभी ने मुक्तकंठ से सराहना की। सामाजिक क्षेत्र में डॉ माधव सिंह का योगदान श्रीमाधोपुर के लिए प्रेरणा बन गया है।

सच्ची सेवा है। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोगों को पौधे वितरित किए गए। इनमें करोटिन, पेंसिल पाम, एरीका पाम, क्रिसमस ट्री, स्ट्रोपा, मधुमालती, तुलसी सहित अनेक प्रजातियों के पौधे शामिल थे। सम्पूर्ण कार्यक्रम का मंच संचालन लेखक ताराचंद चीता ने राजस्थानी भाषा में किया, जिसकी श्रोताओं ने खूब सराहना की। इस अवसर पर रामजीलाल शर्मा, रामबाबू शर्मा, इंजीनियर प्रदीप धायल, हनुमानी देवी, डॉ सुमन, सुरेश चोटिया, राजेंद्र कसेरा, छाजूराम खेड़ीवाल सहित समाज के गणमान्य नागरिक, शिक्षाविद्, समाजसेवी और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# प्रिंस कॉलेज में मेगा टैलेंट हंट अवार्ड सेरेमनी आयोजित

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** पालवास रोड सीकर स्थित प्रिंस कॉलेज में यूपीएससी व एसएससी सीजीएल मेगा टैलेंट हंट अवॉर्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया एवं टॉपर विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यूपीएससी, एसएससी व सीए मेगा टैलेंट हंट में क्रमशः प्रथम स्थान पर रही सीमा, ओजस्वी तिवाड़ी व जतिन कौशिक को 5100 रू, द्वितीय स्थान पर रहे आदित्य वैदिक, तन्नूष गोयल व आनंद गुर्जर को 3100 रू तथा तृतीय स्थान पर रही दृष्टि, कल्पना एवं नीलोफर को 2100 रू नकद पुरस्कार दिया गया। प्रत्येक वर्ग में चतुर्थ से बीसवीं रैंक हासिल प्रतिभाओं को



भी नकद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट निरुपम सुण्डा ने कॉलेज प्रथम वर्ष से ही यूपीएससी व एसएससी के प्रीवियस ईयर क्वेश्चन पेपर्स सॉल्व करने, न्यूजपेपर रीडिंग व राइटिंग स्किल्स पर विशेष फोकस करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ मनीष यादवए कोर्डिनेटर कुलदीप सिंह, कृष्ण शर्मा, अनिल शर्मा एवं महेंद्र कुमार सहित समस्त व्याख्याता एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

PUBLIC NOTICE

M/s Maruti Care Centre (MASS CODE 3073), a Maruti Authorized Service Station located at Chirawa Road, Dhani Popsingh, Pilani. As per the records of Maruti Suzuki India Limited (MSIL), the name of the said service station is registered as M/s Maruti Care Centre. I hereby intend to change the name of the said Maruti Authorized Service Station in the records of MSIL from "M/s Maruti Care Centre" to "GM Motors". I further undertake that I shall be responsible for and shall honor all past, present and future liabilities and obligations of M/s Maruti Care Centre.This change of name shall not affect the existing Agreement dated 17th May 2024 executed between M/s Maruti Care Centre and MSIL. All rights and obligations of both parties under the said agreement shall remain unchanged and unaffected.

**Anil Kumar Jangir**

Maruti Care Centre, Chirawa Road, Dhani Popsingh, Pilani - 333031, Rajasthan

Date: 28/04/2026



## आम सूचना

मैं यादवेन्द्र पत्नी महाबीर सिंह शेखावत जाति राजपूत निवासी वार्ड नं. 03 देव कॉलोनी पिलानी तहसील पिलानी जिला झुन्झुनू (राज.)। मैंने जरिये विक्रय का इकरारनामा रघुवीर सिंह पुत्र सूरजबक्स सिंह जाति राजपूत निवासी वार्ड नं 03 देव कॉलोनी पिलानी तहसील पिलानी जिला झुन्झुनू (राज.) से उनका एक प्लाट नं 06 कुल क्षेत्रफल 183 वर्गगज का स्थित कस्बा पिलानी के देव कॉलोनी, वार्ड नं 03 में को क्रय किया था। उक्त प्लाट नं 06 पर मैं क्रय के दिन से काबिज मालिक हूँ तथा उक्त प्लाट नं 06 पर मेरा ही कब्जा अधिकार है। उक्त प्लाट नं 06 को उक्त रघुवीर सिंह ने सीताराम पुत्र गणपत राम जाति ब्राहमण निवासी पिलानी जिला झुन्झुनू से खरीदा था। उक्त प्लाट नं 06 कस्बा पिलानी के भूमि ख नं 954 में से स्थित है। उक्त रघुवीर सिंह ने उक्त प्लाट नं 06 को जरिये विक्रय का इकरारनामा क्रय किया था वह इकरारनामा मेरे से कहीं गुम हो चूका है जिसको मैंने काफी तलाशा व पूछताछ किया मगर नहीं मिला यदि भविष्य में मिल जायेगा तो उसको मैं विभाग में जमा करवा दूंगी व उसका दुरूपयोग नहीं करूंगी। यह कि अब मैं उक्त प्लाट नं 06 का पट्टा मेरे स्वंय के नाम पर बनवाना चाहती हूँ जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी। यदि भविष्य में उक्त प्लाट नं 06 के मालिकाना हक के पेटे कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसके लिए मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगी।



## आम सूचना

Unico Housing Finance Ltd. शाखा सरदारशहर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोतीराम पुत्र नीरानाराम निवासी ग्राम पुनुसर, तहसील सरदारशहर, जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 3915 वर्ग गज वाके ग्राम पुनुसर, तहसील सरदारशहर, जिला चूरू जो की जरिये पट्टा नंबर 09, दिनांकित 20.02.2004 तादादी 3915 वर्ग गज ग्राम पंचायत रंगाइसर द्वारा प्रार्थी के नाम से जारी शुदा है उक्त पट्टे का पंजीयन दिनांकित 14.07.2026 को हो चुका है व संसोधन पत्र का पंजीयन दिनांकित 08.07.2026 को हो चुका है। उक्त मूल पट्टा नंबर 09 प्रार्थी से कही गम हो गया है उक्त मूल पट्टा किसी के पास हो तो Unico Housing Finance Ltd. शाखा सरदारशहर में जमा करवा देवे। व उक्त जायदाद को प्रार्थी Unico Housing Finance Ltd. शाखा सरदारशहर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Unico Housing Finance Ltd. शाखा सरदारशहर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 7877480007, 7877470007**



## आम सूचना

Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जुगल किशोर पुत्र शिव कुमार ब्राह्मण निवासी वार्ड नंबर 14, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू अपनी आवासीय जायदाद तादादी 377.।।। दरगज वाके वार्ड नंबर 14, तहसील रतनगढ़, जिला चूरू जो की जरिये विक्रय पत्र डीड दिनांकित 18.02.1936 को कालूराम पुत्र कानीराम सुनार से रावतमल व लक्ष्मीनारायण पुत्रगण बख्तावर राम ब्राह्मण की खरीद शुदा तत्पश्चात रावतमल ला-औलाद फोत हो गया व लक्ष्मीनारायण के एक पुत्र शिव कुमार हुआ तत्पश्चात शिव कुमार के स्वर्गवाश के पश्चात शिव कुमार के वारिसों अशोक, मंजू ने उक्त जयदाद का परित्याग जरिये परित्याग पत्र दिनांकित 24.02.2023 को जुगल किशोर पुत्र शिव कुमार ब्राह्मण को कर दिया है। उक्त सम्पति पट्टा संवत 1961 मिती जेठ बड़ी 10 का भू भाग है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Cholamandalam Investment & Finance Company शाखा चूरू के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भरत व्यास एडवोकेट, मो. 7877480007, 7877470007**



**विवाधको के स्थिरीकरण के लिए समन**
**(आदेश 5 के नियम 1 और 5)**

न्यायालय सहायक कलेक्टर, झुन्झुनू ।

**वादी - कालूराम विरूद्ध ग्यारसीलाल वगैरह**
**दावा बाबत घोषणार्थ एवं दुरूस्ती रिकार्ड**

मु.नं. 1571/2024

प्रेषित -
1. जमना देवी पत्नी ग्यारसीलाल
2. मुकेश पुत्री ग्यारसीलाल
3. जितेन्द्र पुत्र ग्यारसीलाल
4. सुशीला पुत्री ग्यारसीलाल
5. हरिकिशन पुत्र ग्यारसीलाल
6. अंजना पुत्री ग्यारसीलाल
7. उर्मिला पुत्री ग्यारसीलाल
8. अनिल पुत्र ग्यारसीलाल

समस्त जाति मेघवंशी निवासीगण ग्राम छापोली तहसील उदयपुरवाटी जिला झुन्झुनू

वादी कालूराम ने आपके विरूद्ध दावा बाबत घोषणार्थ, स्थाई निषेधाज्ञा एवं दुरूस्ती रिकार्ड का पेश किया है वाद के लिए संस्थित किया है आपको इस न्यायालय में तारीख 03/09/2026 को दिन के 10:30 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे सन्यक अनुदेश दिये गये हो और जो वाद से सम्बन्धित सभी सारवान प्रश्नो का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नो का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतीक्षा का लिखित कथन दाखिल करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हो, पेशकर जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजो को लिखित कथन के साथ उपबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थित में किया जावेगा। यह कि आज तारीख 3798/30-7-26 को मेरे हस्ताक्षर से न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

**न्यायालय**
सहायक कलक्टर
झुन्झुनू (राज.)।


# हनुमान बेनीवाल ने सभा में माइक फेंका, कार्यक्रम छोड़ा : युवाओं के नारेबाजी करने से नाराज हो गए, कहा- तुमने नेता देखा है कि नहीं?

**चूरू।** नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने सभा में मंच पर माइक फेंक दिया और कार्यक्रम छोड़कर चले गए। बेनीवाल भाषण के बीच में युवाओं के शोर मचाने से नाराज हो गए थे। सारा घटनाक्रम रविवार देर रात को उस समय हुआ, जब बेनीवाल आरएलपी के कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में पहुंचे थे।

दरअसल, चूरू जिले के छापर में रतनगढ़ रोड पर आरएलपी के कार्यालय का उद्घाटन रविवार शाम 7.15 बजे का तय था, लेकिन आरएलपी प्रमुख हनुमान बेनीवाल रात करीब साढ़े 11 बजे पहुंचे थे। सभा में करीब 4 से 5 हजार लोगों की भीड़ मौजूद थी।

बेनीवाल ने भाषण शुरू किया और राजनीतिक विरोधियों पर हमला बोल रहे थे। इसी दौरान सामने बैठे कुछ युवाओं के शोर मचाने पर बेनीवाल ने कई बार शांत रहने के लिए कहा। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा- तुमने नेता देखा है कि नहीं? तुम लोग बावले क्यों हो रहे हो? स्कूल वाले बच्चे कब आगे बढ़ेंगे, यह जानते ही नहीं हो।


**कार्यालय नगर पालिका खाटूश्यामजी जिला-सीकर**

क्रमांक: नपाखा/2026/1264 दिनांक 28.07.2026

**बिड सूचना - 2026**

पालिका में गारबेज बीन सप्लाई का कार्य करने सम्बन्धी बिड हेतु पंजीकृत फर्म से मुहरबन्द बिड (बोली) आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बिड (बोली) एवं बिड शर्ते आदि बेवसाइट www.sppp.raj.nic.in पर अथवा पालिका में कार्यालय समय में देखी जा सकती हैं। बिड के

NIB CODE-DLB2627A5005
UBN CODE-DLB2627GSRC12050

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका खाटूश्यामजी

राज.संवाद/सी/26/8322


# सड़क हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत, 15 घायल



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** निकटवर्ती गांव बोबासर के पुलिया पर हुए सड़क हादसे में 3 श्रद्धालुओं की मौत हो गई जबकि 15 लोग घायल हो गए। सभी श्रद्धालु एक ही ट्रेवलर मिनी बस में सवार थे, जिनको एक ट्रोले ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को राजकीय बगड़िया अस्पताल पहुंचाया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन की सहायता से हटाकर यातायात बहाल करवाया। जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे-58 पर सुजानगढ़-सालासर मार्ग स्थित बोबासर पुलिया पर सोमवार सुबह करीब सवा 11 बजे अनियंत्रित ट्रोले ने ओवरटेक करने के चक्कर में सालासर बालाजी के दर्शन कर पुष्कर जा रहे श्रद्धालुओं से भरी ट्रैवलर गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैवलर अनियंत्रित होकर पुलिया के पास पलट गई जबकि ट्रोला रेलिंग तोड़कर सड़क किनारे नीचे लटक गया। हादसे में दो सगी बहनों और एक 16 वर्षीय किशोरी सहित 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 15 अन्य घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रोला चालक मौके से फरार हो गया जबकि ट्रोले में सवार खलासी सेरूणा निवासी रामरख पुत्र दीनाराम घायल हो गया।

### मृतकों में दो सगी बहनें और भतीजी शामिल

हादसे में जान गंवाने वाले तीनों मृतक कोलकाता पश्चिम बंगालद्ध के निवासी हैं जिनमें सुशीला साहू पत्नी गंगाप्रसाद साहू, उर्मिला साहू पत्नी छोटेलाल साहू दोनों सगी बहनें तथा आनंदी पुत्री उत्पल कहार सुशीला व उर्मिला की भतीजी की बेटी की मौत हो गई। सुशीला व उर्मिला की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि आनंदी कहार ने सुजानगढ़ अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ा।

### 3 की हालत गंभीर

हादसे में घायल तीन महिलाओं अनु, राधा और प्रतिमा की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद 108 एंबुलेंस की मदद से हायर सेंटर रैफर किया गया है। वहीं अन्य घायलों कालीप्रसाद, परी, अनोखी, ऋषिका, रामरख, कृति, शिवम, आर्यन, अनन्या, पूनम, दुर्गा और शेषांग का इलाज सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया उप जिला अस्पताल में चल रहा है।

### राजस्थान भ्रमण पर आया था परिवार

घायल परिजनों ने बताया कि कोलकाता से परिवार 31 जुलाई को ट्रेन से रवाना होकर 1 अगस्त को जयपुर पहुंचा था। 2 अगस्त को खाटूश्यामजी के दर्शन कर सुबह किराए की ट्रैवलर गाड़ी से सालासर बालाजी पहुंचे थे। सालासर दर्शन के बाद परिवार पुष्कर और सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए निकला था। गाड़ी में 4 बच्चों सहित कुल 20 लोग सवार थे। परिवार की 10 अगस्त को वापसी की टिकट थी।

### प्रशासनिक अमला व सामाजिक कार्यकर्ता पहुंचे अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना अधिकारी सीआई मुकुट बिहारी मीणा पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद एडीएम संतोष कुमार, उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा तथा डीवाईएसपी दरजाराम बोस ने अस्पताल पहुंच कर घायलों के उपचार का जायजा लिया। हादसे के तुरंत बाद टीम हारे का सहारा के संयोजक श्याम स्वर्णकार, नवरत्न बिजारणिया, शंकर बिजारणिया, मनोज प्रजापत, चंदू सराफ, अश्विनी सहित स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस व कैंपर गाड़ियों की मदद से घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। एएसआई छगनलाल, कांस्टेबल प्रेमाराम ने क्रेन की मदद से दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू करवाया। वहीं एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा, डीटीओ बजरंगलाल, डीएसपी दरजाराम बोस ने घटनास्थल का मौका निरीक्षण किया। घटनास्थल पर सड़क को चौड़ा करने का कार्य चल रहा है। लोगों ने बताया कि यहां पर घूमचक्कर बनाये जाने की महती आवश्यकता है क्योंकि यहां पर आये दिन सड़क हादसे होते रहते हैं।

# जयपुर में महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती

## दूल्हा स्वरूप में शिवजी का श्रृंगार, 1000 सीढ़ियां चढ़कर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया

**जयपुर।** सावन के पहले सोमवार के दिन राजस्थान के शिवालयों में भारी भीड़ रही। जयपुर के ताड़केश्वर महादेव मंदिर में सुबह 4 बजे उज्जैन महाकाल की तर्ज पर भस्म आरती की गई। पुजारी शक्ति व्यास ने बताया- मंदिर का पट सुबह 3.45 पर खोल दिया गया था। सुबह 4.30 बजे भगवान भोलेनाथ का 51 किलो देसी गाय के घी, 151 किलो दूध, दही, शहद और शक्कर से अभिषेक किया गया। मंगला आरती के समय भगवान भोलेनाथ को दूल्हे स्वरूप में श्रृंगार किया गया। जालोर के सिरे मंदिर में श्रद्धालुओं ने 1000 सीढ़ियां चढ़कर भगवान की पूजा की। जयपुर में श्रद्धालुओं ने गलताजी से जल भरा और शिवालयों के लिए रवाना हुए। राजधानी के झारखंड महादेव मंदिर के बाहर करीब 2 किमी लंबी लाइन लगी। श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलाभिषेक के लिए अपनी बारी का इंतजार करते रहे। कांवड़ यात्रा और मंदिरों मे भीड़ को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। शहर में करीब 200 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे, जबकि कांवड़ यात्रा मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों पर ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से लगातार निगरानी रखी गई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत गेनाणा
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/115 दिनांक : 29.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 68/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत गेनाणा में वित्तीय वर्ष 2026-27 में महात्मा गांधी नरेगा (वीबी-जी-रामजी)एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0616 UBN-ZNR2627GLOB00814

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत गेनाणा
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत गेनाणा
पंचायत समिति लाडनूँ



## कार्यालय ग्राम पंचायत मालगांव
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/76 दिनांक : 28.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 64/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मालगांव में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0593 UBN-ZNR2627GLOB00791

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत मालगांव
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत मालगांव
पंचायत समिति लाडनूँ



## कार्यालय ग्राम पंचायत मीठड़ी
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/SPL-06 दिनांक : 29.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 67/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मीठड़ी में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0603 UBN-ZNR2627GLOB00801

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत मीठड़ी
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत मीठड़ी
पंचायत समिति लाडनूँ



## कार्यालय ग्राम पंचायत उदरासर
## पंचायत समिति लाडनूँ

क्रमांक: 2026-27/79 दिनांक : 28.07.2026

**ई-निविदा सूचना संख्या- 62/2026-27**

पंचायत समिति लाडनूं की अधीनस्थ ग्राम पंचायत उदरासर में वित्तीय वर्ष 2026-27 में विकसित भारत-जी राम जी योजना एवं पंचायतीराज की अन्य समस्त योजनाओं के तहत कराये जाने वाले निर्माण कार्यों के लिये निर्माण सामग्री की आपूर्ति हेतु संवेदको विनिर्माताओं आपूर्तिकर्ताओं से ग्राम स्तरीय ई-निविदाए आमन्त्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेब पोर्टल http:/www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http:/www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है। निविदाये निर्धारित दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेंगी।

NIB-ZNR2627A0591 UBN-ZNR2627GLOB00789

**प्रशासक**
ग्राम पंचायत उदरासर
पंचायत समिति लाडनूँ

**ग्राम विकास अधिकारी**
ग्राम पंचायत उदरासर
पंचायत समिति लाडनूँ

# नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस का संगठनात्मक मंथन

## बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने का संकल्प

निसं



**नोखा (नवयत्न)।** पार्टी संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने तथा आगामी नगर निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर सोमवार को डूडी हाउस, नोखा में शहर कांग्रेस कमेटी की ओर से संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने एवं चुनाव में पूरी ताकत के साथ उतरने का संकल्प लिया। कांग्रेस जिला महासचिव मुरली गोदारा ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी नगर निकाय चुनाव को ध्यान में रखते हुए यह बैठक आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही कांग्रेस की सबसे बड़ी ताकत है। प्रत्येक बूथ तक संगठन को सक्रिय कर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी जाएगी, ताकि कांग्रेस की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों को आमजन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। बैठक को संबोधित करते हुए नोखा विधायक सुशीला रामेश्वर डूडी ने कहा कि नगर निकाय चुनाव कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। सभी कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय एवं एकजुटता के साथ चुनावी रणनीति पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर जनता से संवाद स्थापित करें और नगर पालिका में कांग्रेस को मजबूत जनसमर्थन दिलाने के लिए पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ कार्य करें। देहात कांग्रेस जिलाध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि नगर पालिका क्षेत्र में सरकार की लचर व्यवस्थाओं से आमजन परेशान हैं। पेयजल, सफाई, सड़क, प्रकाश व्यवस्था सहित स्थानीय जनसमस्याओं को प्रत्येक वार्ड तक पहुंचाकर कांग्रेस की जनहितकारी सोच एवं नीतियों से जनता को जोड़ने का कार्य करना होगा। विधानसभा संगठन प्रभारी रामदेव पूनियां ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे आमजन के बीच रहकर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। बैठक के अंत में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मोहनराम लिलड़ ने सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी मिलकर एकजुटता, अनुशासन एवं पूरी ऊर्जा के साथ आगामी नगर निकाय चुनाव लड़ेंगे और कांग्रेस को विजय दिलाने के लिए पूरी ताकत से कार्य करेंगे। बैठक में निर्वर्तमान जिला प्रमुख मोडाराम मेघवाल, पूर्व चेयरमैन हनुमान पींचा, नोखा शहर मंडल अध्यक्ष गौरीशंकर नाई एवं राकेश जैन, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष बाकिर अली, पूर्व जिलाध्यक्ष सरपंच संघ दीपाराम चौधरी, कांग्रेस नेता हसन कायमखानी, बच्छराज पारख, हाजी गुलाम रसूल, ओम राजपुरोहित, रामचंद्र गहलोत, निसार पठान, नथाराम सिंवर, रामनारायण कड़वासरा, देहात अल्पसंख्यक सेवादल अध्यक्ष मनोज पंचारिया, एससी मोर्चा प्रदेश महासचिव तरुण, युवा नेता अभिषेक पंडित, रूपाराम डूडी, बजरंग भाम्भू, हंसगिरी, भतु नाई, नगर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष नाजिर हुसैन, देहात अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अध्यक्ष अब्दुल खान, ओबीसी प्रकोष्ठ अध्यक्ष पवन नाई सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गौभक्तों ने गोशाला को दिया आर्थिक सहयोग

## 51 हजार से लेकर 11 हजार रुपये तक के दान, गौसेवा में आगे आए श्रद्धालु

निसं



**बुगाला (नवयत्न)।** पंडित गणेश नारायण नेत भोमिया सुरभि गोशाला में गौसेवा के लिए गोभक्तों का आर्थिक सहयोग लगातार मिल रहा है। गोशाला के कोषाध्यक्ष महेंद्र बुगालिया ने बताया कि कई दानदाताओं ने गोशाला के संचालन और गौवंश की सेवा के लिए आर्थिक सहयोग प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि घीसाराम कुमावत, हरिराम, रामसिंह एवं महेंद्र जांगिड़ ने 51-51 हजार रुपये का सहयोग दिया। वहीं गंगाधर बुगालिया, भवानी सिंह शेखावत पुत्र किशनसिंह, विजेंद्र सिंह, रोहितास और लोकेश पुत्र रामदेव सिंह ने 21-21 हजार रुपये का सहयोग किया। इसके अलावा सुरेश कुमार पुत्र प्रहलाद राय सोनी, विक्रम सिंह पुत्र इंद्र सिंह शेखावत, जगदीश प्रसाद मूंड तथा परमेश्वरी देवी पत्नी रामकुमार ने 11-11 हजार रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। गोशाला प्रबंधन ने सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोभक्तों के सहयोग से गौवंश के चारे, पानी, चिकित्सा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही समाज के अन्य लोगों से भी गोसेवा के इस पुनीत कार्य में सहयोग करने की अपील की।

# स्वतंत्रता दिवस सामूहिक रूप से मनाने को लेकर बैठक आयोजित



ललित दाधीच

**राजलदेसर (नवयत्न)।** राजलदेसर तहसील कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाने को लेकर युवा भारती स्टेडियम में सामूहिक रूप से आयोजित कार्यक्रम को लेकर तहसीलदार प्यारेलाल चावला की अध्यक्षता में मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें थाना प्रभारी बेगाराम मीणा, तहसीलदार सीताराम मीणा, तहसील कार्यालय के शीशराम कस्वा उपस्थित थे। इस अवसर पर कस्बे की सभी निजी शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी कार्यक्रम में भाग लेंगे। इसके अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों का सम्मान किया जाएगा एवं 90 प्रतिशत से अधिक बोर्ड परीक्षा में नंबर हासिल करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा एवं वीरांगनाओं का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर सभी को अलग-अलग जिम्मेवारी दी गई जिसमें नगर पालिका प्रशासन की ओर से मिठाई, टेंट व्यवस्था, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था आदि की व्यवस्था नगर पालिका की ओर से की जाएगी। कार्यक्रम में निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष भुवनेश्वर शर्मा ने भी अपने विचार एवं युवा भारती स्टेडियम के प्रभारी लाभचंद सोनी ने भी पिछली बार से इस बार और अच्छा कार्यक्रम हो इसके लिए सुझाव दिया। मीटिंग में कस्बे के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# गुढ़ागौड़जी के राजस्व मामलों के विरोध में झुंझुनू के वकीलों का कार्य बहिष्कार

## कलेक्ट्रेट के बाहर दिया धरना, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



अशोक राईका

**झुंझुनूं (नवयत्न)।** गुढ़ागौड़जी तहसील से जुड़े राजस्व मामलों की सुनवाई झुंझुनूं के बजाय उदयपुरवाटी उपखंड अधिकारी के समक्ष किए जाने के विरोध में सोमवार को झुंझुनूं के अधिवक्ताओं ने न्यायालयों में स्वेच्छा से कार्य का बहिष्कार किया। वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर धरना देकर सरकार के निर्णय का विरोध जताया। अधिवक्ताओं का कहना है कि गुढ़ागौड़जी तहसील क्षेत्र के लोगों की सुविधा और न्यायिक हितों को देखते हुए सभी राजस्व मामलों की सुनवाई पहले की तरह झुंझुनूं में ही होनी चाहिए। उनका कहना है कि सुनवाई का स्थान बदलने से आमजन को अनावश्यक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। धरने के बाद अधिवक्ताओं ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में भगवान सिंह शेखावत, मदन सिंह गिल, उम्मेदराज सैनी, किरण बियाला, विक्रम दुलड़, नफीस खान सहित अनेक अधिवक्ता शामिल रहे। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर मंगलवार को भी न्यायालयों में स्वेच्छा से कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा।

# युवती को अगवा करने का आरोप



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** अनेसरिया निवासी एक परिवार ने युवती को बहला-फुसलाकर अगवा करने के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार से उपखंड कार्यालय के सामने शांतिपूर्ण धरना शुरू करने की चेतावनी दी है। गुमशुदा युवती के भाई ने बताया कि करीब एक सप्ताह पूर्व उसकी बहन को सुभाष भामू पुत्र भगवानाराम जाट निवासी मंडली चारणा तहसील भोपालगढ़, बहला-फुसलाकर अपने साथ अगवा कर ले गया। घटना के संबंध में उसी दिन पुलिस थाना जसवंतगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई थी। पीड़ित परिवार का आरोप है। कि मामले की जानकारी पुलिस अधीक्षक डीडवाना को भी दी जा चुकी है, लेकिन अब तक न तो युवती का पता लगाया जा सका है। और न ही आरोपी के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई की गई है। इस मामले में सोमवार को पीड़ित परिवार ने उपखंड अधिकारी ममता लहुआ को ज्ञापन सौंपकर आरोपी की गिरफ्तारी एवं युवती की बरामदगी तक एसडीएम कार्यालय के सामने पूरे परिवार के साथ शांतिपूर्ण धरना देने की अनुमति मांगी है। वहीं, इस संबंध में थाना प्रभारी राजेश सिहाग ने बताया कि गुमशुदगी से संबंधित प्रकरण पुलिस थाना जसवंतगढ़ में दर्ज है। पुलिस को युवती और संबंधित व्यक्ति के बारे में महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं उन्हें जल्द ही दस्तयाब कर लिया जाएगा।

# दो नए जीएसएस की ऊर्जा मंत्री ने दी स्वीकृति



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** बिजली आपूर्ति की सूचारू व्यवस्था के लिए दो नए जीएसएस (33-11 केवी) स्वीकृत करने की ऊर्जा मंत्री से मांग की गई है। भाजपा नेता करणी सिंह ने सोमवार को एकदिवसीय लाडनूं दौरे पर आए ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर को मांगपत्र सौंपकर बताया कि विधानसभा क्षेत्र लाडनूं में बिजली आपूर्ति की सूचारू व्यवस्था के लिए 2 जीएसएस (33-11 केवी) की आवश्यकता है चूंकि ग्राम पंचायत तंवरा व लोडसर में माइंस व क्रेशर अत्यधिक है जिनके कारण आस पास के गाँवों में बिजली का लोड कम रहता है जिसके कारण घरेलू उपकरण खराब होने की शिकायते प्राप्त हो रही है एवं साथ ही दिन में किसानों निर्बाध बिजली आपूर्ति में व्यवधान उत्पन होता रहता है। जहां बिजली की सुचारू आपूर्ति करवाने की मांग रखी। सुजानगढ़ से लैडी जीएएस 33-11 केवी की लाईन कसुम्बी में पहले से ही गुजर रही है एवं कसुम्बी में जमीन भी उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत कसुम्बी में कम खर्चे में जीएसएस बनाया जा सकता है। इसके अलावा लाडनूं के पूर्वी दिशा कार्यालय उपखण्ड अधिकारी लाडनूं के आस-पास या स्टेडियम क्षेत्र में जीएसएस 33-11 केवी का बनाया जाना भी अत्यंत जरूरी है। दोनों स्थानों पर जीएसएस 33-11 केवी का बनाये जाने की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया। ऊर्जा मंत्री ने दोनों जीएसएस के लिए सकारात्मक स्वीकृति प्रदान की है।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के विरुद्ध जागरूकता रैली निकाली




निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, श्रीमाधोपुर में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विज्ञान एवं गणित सर्किल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को रोकने एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में विद्यार्थियों ने हाथों में आकर्षक तख्तियां लेकर सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद करो, कपड़े और जूट के थैले अपनाओ, प्लास्टिक हटाओ, पर्यावरण बचाओ, स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत जैसे प्रेरक नारे लगाते हुए नगरवासियों को सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्प्रभावों तथा उसके पर्यावरण-अनुकूल वैकल्पिक साधनों के उपयोग के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्य डॉ मधु चौधरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सिंगल यूज़ प्लास्टिक का त्याग कर कपड़े, जूट एवं अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों से अपने घर एवं समाज में भी प्लास्टिक मुक्त वातावरण बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विज्ञान सर्किल प्रभारी पूनम देवी एवं गणित सर्किल प्रभारी पुष्पा कुमारी एवं पीएम श्री प्रभारी ओमप्रकाश गुर्जर के नेतृत्व में रैली का सफल संचालन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के स्टाफ सदस्य धनाराम जाट, महेंद्र सिंह शेखावत, ललित कुमार सैनी, संगीता निठारवाल, विजेंद्र गजराज और श्वेता शर्मा सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कस्बे में चल रहा अवैध जमीन का गोरखधंधा

## दुकाने देने के नाम पर एक महिला से लाखों रुपए की धोखाधड़ी

निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** एक महिला ने कस्बे में साहवा मार्ग पर दुकाने बेचने के नाम पर उसके साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला कई लोगों के खिलाफ पुलिस में दर्ज करवाया है। पुलिस के अनुसार प्रार्थीया रीना पत्नी सुरज जाति सांसी निवासी चंगोई तहसील तारानगर जिला चूरू ने रिपोर्ट दी कि उसने मोहम्मद इमरान पुत्र मोहम्मद हनीफ जाति कसाई निवासी तारानगर जिला चूरू से कस्बा तारानगर के बतरफ उतराद, तारानगर-साहवा सड़क पर एक खेत खातेदारी ख. नं. 2262/80 तादादी 1.1506 हैक्टेयर भूमि में से ब्लॉक जी में 30 गुणा 30 फुट को दो दुकान नं. 26 व 27 दिनांक 10.12.2025 को जरिये इकरारनामा खरीद की जिसकी लिखापढी 500/रूपये के स्टाम्प पेपर पर मोहम्मद इमरान ने करवाकर 5,40,000/ रूपये अखरे पांच लाख चालिस हजार रूपये गवाहन श्यामलाल पुत्र चेलाराम जाति सांसी निवासी भलाऊ ताल व जुबीन स्वामी पुत्र विनोद कुमार स्वामी जाति स्वामी निवाती महनसर तहसील बिसाऊ जिला झुंझुनू की मौजूदगी में नगद प्राप्त कर गवाहन की शाख डलवाकर नोटेरी पब्लिक तकमील व तस्दीक करवाकर उक्त लिखा पढी मोहम्मद इमरान ने मुझे सुपुर्द कर उक्त दोनों दुकानों का कब्जा मुझे सुपुर्द कर दिया तथा मैनें उक्त दोनों दुकानों का कब्जा प्राप्त उसके चारो और 10-12 पट्टियां रोपकर उस पर काबिज होकर मैं मेरे उपयोग उपभोग में लेने लगी मोहम्मद इमरान ने उक्त भूखण्ड पूर्व में मानसिंह से जरिये इकरारनामा दिनांक 14.03.2024 को खरीद करना बताया तथा मानसिंह ने दिनांक 26.02.2024 को उक्त भूखण्ड खातेदार झाबरमल पुत्र खेताराम जाति सैनी निवासी कस्बा तारानगर से खरीद करना बताया। दिनांक 20.07.2026 को मैं व मेरे पति मेरी उक्त दुकानो की सार सम्भाल करने के लिए गये तो असलम पुत्र ईद मोहम्मद तेली, तौफिक बिसायती पुत्र जाकिर हुसैन, मोहम्मद साहिल पुत्र आफताफबिसायती कस्बा तारानगर ने मेरी दुकानो के चारों और रोपी हुई पट्टिया तोडकर चुराकर ले गये तथा कब्जा कर रखा था जब मैंने व मेरे पति ने उनसे कहा कि यह दुकाने हमारी है। हमने उक्त दोनो दुकाने मोहम्मद इमरान से खरीद लिया है, तब उक्त लोगों ने कहा कि हमने तो यह भूमि दिनांक 25.02.2026 को झाबरमल पुत्र जैताराम जाति सैनी कस्बा तारानगर से जरिये विक्रय पत्र खरीद की है। तब मैंने मोहम्मद इमरान व गवाहन जुबीन स्वामी से सम्पर्क कर मेरे द्वारा खरीद की गई दुकानो बाबत कहा तो उन्होंने कहा कि 5-7 दिन में उन लोगों से उक्त दुकाने खाली करवाकर आपको सुपुर्द कर देंगे अन्यथा आपको 5.40,000/रूपये मय ब्याज वापिस दे देंगे फिर आज दिनांक 31.07.2026 को मैं, मेरे पत्ति सुरज, श्यामलाल, विक्की को साथ लेकर मोहम्मद इमरान के घर गये यहा पर मोहम्मद इरफान पुत्र हाफिज मोहम्मद जाफर निवासी तारानगर व जुबीन स्वामी पुत्र विनोद कुमार स्वामी जाति स्वामी निवासी महनसर तहसील बिसाऊ जिला झुंझुनू भी था तब हमने उन्हें हमारी उक्त दुकानो पर किये गये कब्जा को खाली करवाने बाबत कहा तो उक्त दोनों ने एक राय होकर कहा कि हम तो ऐसे ही लोगों को विश्वास में लेकर उन्हें जमीन दिखाकर स्टाम्पों पर विक्रय कर रूपये ऐंठते है हमें तो तुम्हारे साथ भी धोखाधड़ी कर तुमसे 5,40,000/ रूपये ऐठने थे। जो हमने ऐंठ कर उक्त दोनों दुकान किसी अन्य को बेच रखा है तब मैंने मेरे पति ने हमारे 5.40,000/रूपये मय ब्याज रूपये वापिस मांगे तो उन्होंने एक राय होकर कहा कि हम अब तुम्हे ना हीं तो दुकाने देगें ना ही रूपये वापिस लौटायेगें तुम हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकते तुम्हें जो करना है। वह कर लो।

मोहम्मद इमरान व जुबिन स्वामी, मानसिंह, झाबरमल सैनी, मोहम्मद असलम, तौफिक बिसायती, मोहम्मद साहिल ने सुनियोजित चाल के तहत षडयंत्र रचकर हमारे साथ धोखाधड़ी करने की नियत से मुझे दो दुकाने बेचने के नाम पर मुझसे 5,40,000/रूपये हडप कर मेरे साथ धोखाधड़ी कर मेरी दुकानों में पट्टिया चुराकर चोरी कर ले गये है उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्यवाही करने की कृपा करें। पुलिस ने पीड़िता रीना की रिपोर्ट पर मामला जुर्म अन्तर्गत धारा 303(2), 316 (2), 318 (4) ठछै का वकू मे आना पाया जाने पर रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर तफतीश पुष्पेन्द्र सिंह पुनि. थानाधिकारी पीएस तारानगर द्वारा शुरु हुई।

# श्रावण के पहले सोमवार पर चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हर्ष सोनी




**झुंझुनूं (नवयत्न)।** सेठ मोतीलाल कॉलेज स्टेडियम के पास मंड्रेला रोड स्थित इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर परिसर में बने श्री चंद्रेश्वर महादेव मंदिर में श्रावण मास के प्रथम सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु भगवान शिव के जलाभिषेक, पूजा-अर्चना और दर्शन के लिए मंदिर पहुंचने लगे। मंदिर परिसर पूरे दिन हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से गूंजता रहा।

पुजारी चंद्र प्रकाश शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं से विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर राम अवतार शर्मा, राजेंद्र शर्मा, राजेंद्र लालपुरिया, सचिन शुक्ला, रोहित सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# सावन के पहले सोमवार पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया भोलेनाथ का पंचामृत अभिषेक



निसं

**मंडावा (नवयत्न)।** सावन माह के प्रथम सोमवार के अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी के नेतृत्व में पार्टी की गाइडलाइन के अनुसार स्थानीय पारदर्शी शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का पंचामृत अभिषेक किया गया। इस दौरान दूध, दही, घी, शहद और चीनी से विधिवत अभिषेक कर क्षेत्र में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की प्रार्थना की गई। पूजा-अर्चना के बाद भगवान शिव को प्रसाद अर्पित किया गया तथा मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। भाजपा महामंत्री संजय परिहार ने मंदिर पहुंचे शिव भक्तों का स्वागत करते हुए सावन माह की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सावन का महीना भगवान शिव की आराधना और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है।कार्यक्रम में आनंद बिहारी सोलंकी, विद्याधर सैनी, कैलाश पीपलवा, राधेश्याम सैनी, ज्ञानचंद कुमावत, विमल सैनी, सचिन तिनवाल, शिशुपाल यादव सहित भाजपा कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# अठावले बोले-भूमिहीन गरीबों को 5-5 एकड़ जमीन दें राजस्थान सरकार

## यूसीसी से मुसलमानों की गरीबी मिटेगी, बांग्लादेश-पाकिस्तान भी लागू करें; 2029 में मोदी ही बनेंगे पीएम

जयपुर।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले ने राजस्थान सरकार से भूमिहीन गरीब परिवारों को 5-5 एकड़ जमीन देने की मांग की। वहीं उन्होंने समान नागरिक संहिता पर कहा कि इससे मुसलमानों की गरीबी कम करने में मदद मिलेगी और बांग्लादेश व पाकिस्तान जैसे देशों को भी इस दिशा में कदम उठाना चाहिए। साथ ही उन्होंने 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फिर से देश का नेतृत्व करेंगे, मोदी ही फिर पीएम बनेंगे।

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री रामदास अठावले सोमवार को जयपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत कर रहे थे, जहां अठावले ने राजस्थान सरकार को गांवों के भूमिहीन गरीबों को पांच एकड़ जमीन फ्री देने का सुझाव दिया है।

### अठावले बोले- भूमिहीन ग्रामीणों को 5 एकड़ जमीन फ्री दें राज्य सरकार

अठावले ने कहा- सरकार को हर जाति, वर्ग के भूमिहीन ग्रामीण को पांच एकड़ जमीन फ्री देने का प्रोग्राम हाथ में लेना चाहिए। पहले एक एक्सपर्ट कमेटी बनाकर भूमिहीन पात्र परिवारों का सर्वे करना चाहिए। सरकार के पास जमीन नहीं है तो खरीदकर उन्हें दें। जिन लोगों के पास गांवों में ज्यादा जमीन है, वे भी जमीन दान दे सकते हैं।

पहले जिस तरह भू-दान आंदोलन में ज्यादा जमीनों वालों ने जमीनें दान कीं, अब भी गरीबों को जमीन दे सकते हैं। मैं गरीबों को जमीन देने के लिए राजस्थान सीएम भजनलाल शर्मा को जल्द ही चिट्ठी लिख रहा हूं।

समान नागरिक संहिता पर अठावले ने कहा- यूसीसी मसलमानों के विरोध में नहीं है। जनसंख्या रोकने के लिए ष्ट्ट बहुत जरूरी है। इससे मुसलमानों का बहुत विकास हो सकता है। मुसलमानों की गरीबी मिट सकती है। मेरा मानना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश को भी यूसीसी लागू करना चाहिए। पाकिस्तान, बांग्लादेश भी यूसीसी लागू करेंगे तो उनकी गरीबी हट जाएगी। बांग्लादेश और पाकिस्तान के पीएम को यूसीसी लागू करने के लिए चिट्ठी लिखनी चाहिए।

# भामाशाह अजीतसरिया परिवार के सहयोग से स्थापित 80 लाख की मशीनों का हुआ उद्घाटन

नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** मेडिकल इक्विपमेंट परियोजना के तहत भामाशाह अरुण अजीतसरिया एवं हर्ष अजीतसरिया द्वारा अपने पूर्वजों की स्मृति में किशन दयाल रामेश्वर लाल चैरिटी ट्रस्ट के माध्यम से 80 लाख रुपए का सहयोग प्रदान कर सेठ सूरजमल जालान राजकीय जिला चिकित्सालय के जनरल सर्जरी विभाग में स्थापित लेप्रोस्कोपिक सर्जरी सिस्टम, लेजर मशीन, एडवांस्ड एनेस्थीसिया वर्कस्टेशन, ईटीओ स्टेरिलाइजेशन यूनिट, फॉगर, आधुनिक ऑपरेशन टेबल, ब्लड वार्मर, कोटरी जैसे चिकित्सा उपकरणों का उद्घाटन राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवा, वरिष्ठ पत्रकार त्रिभुवन, विधायक पूसाराम गोदारा, पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि एवं भामाशाह परिवार द्वारा किया गया। गांधी बाल निकेतन प्रांगण में आयोजित हुए कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। हर्ष अजीतसरिया ने




अतिथियों को आसामी फूलाम तथा संस्थाध्यक्ष घनश्यामचन्द्र सोनी ने साहित्य भेंट किया। निकेतन सचिव व प्रोजेक्ट फाउंडर राजीव उपाध्याय ने क्षेत्र के लोगों की ओर से भामाशाहों का आभार प्रकट करते हुए कार्यक्रम विवरण प्रस्तुत किया। उपाध्याय द्वारा ईएनटी की मशीनरी की स्थापना हेतु आग्रह पर भामाशाह अरूण अजीतसरिया ने तुरन्त ईएनटी हेतु मशीनरी दिलवाने की घोषणा की। जनरल सर्जन डॉ. सुखवीर कस्वां ने नई स्थापित मशीनरी की कार्यप्रणाली बताते हुए आमजन को इससे होने वाले लाभों से अवगत करवाया। इस अवसर पर भामाशाह अजीतसरिया परिवार के अरूण अजीतसरिया, सरोज अजीतसरिया, हर्ष अजीतसरिया, रूचि अजीतसरिया, अभय अजीतसरिया, प्रिती अजीतसरिया, मनीष कनोई, वन्दना कनोई, स्वाति भुवालका, हर्ष अजीतसरिया, सरला अजीतसरिया, यश, अर्जुन तथा राजश्री अजीतसरिया का शॉल, साफा, चुनरी, साहित्य, पोर्टेट फोटो व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। परियोजना के अद्वितीय सहयोगी डॉ. हर्ष बैद का चांदी का स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मान किया गया। चिकित्सालय प्रशासन द्वारा इस अनुकरणीय सहयोग हेतु भामाशाहों का अभिनन्दन पत्र भेंट कर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री रिणवा ने अपने उद्बोधन में कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में सदा ही अग्रणी था। देश-प्रदेश के निवासी यहां अपने ईलाज के लिए आते थे।

राजीव उपाध्याय के इस प्रोजेक्ट के माध्यम से अब वह दिन दूर नहीं जब पूरे प्रदेश के लोग की चिकित्सा सुविधा का लाभ लेने पुनः रतनगढ़ आयेंगे। वरिष्ठ पत्रकार त्रिभुवन ने चिकित्सा क्षेत्र की खामियों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें दूर कर आमजन को अधिकाधिक राहत पहुंचाने पर जोर दिया। विधायक पूसाराम गोदारा ने चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु प्रयास करने का भरोसा दिलाया। पूर्व विधायक महर्षि ने भामाशाह परिवार के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए डॉक्टर्स से भामाशाहों की मंशा अनुरूप मशीनरी के सदुपयोग करने का आह्वान किया। समारोह में डॉ. सुखवीर खीचड़, डॉ. पंकज शर्मा, डॉ. विरेन्द्र वर्मा, सीबीईओ संदीप व्यास, देवकीनन्दन रिणवा, लीटू कल्पनाकांत, अर्जुन सिंह फ्रांसा, एडवोकेट बजरंग गुर्जर, रामनारायण व्यास, खींवाराम खीचड़, अनूप जोशी, राधेश्याम पारीक, देवेन्द्र यादव, हरिप्रसाद हर्षवाल, विनोद डागा, मो. अनवर कुरैशी, अशोक वर्मा, विष्णु सराफ, कन्हैयालाल चौमाल, लक्ष्मीनारायण बणसिया, सीए अरूण शर्मा, भानुप्रकाश इन्दौरिया, राजेन्द्र सिंह बीदावत सहित सैंकड़ों गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। संचालन कुलदीप व्यास ने किया।

## अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक संपन्न



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अखिल भारतीय किसान सभा की बैठक कॉमरेड भादर भामू की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में 21, 22 एवं 23 अगस्त को तारानगर में आयोजित होने वाले संगठन के प्रांतीय सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए विभिन्न साथियों को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में खरीफ2026 की फसल के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों के प्रीमियम कटान तथा क्रॉप कटिंग के आधार पर मिलने वाले बीमा दावों क्लेम से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। साथ ही गांव-गांव में किसान सभा की ग्राम कमेटियों के गठनए संगठन के विस्तार तथा अधिक से अधिक किसानों को संगठन से जोड़ने की रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक में किसानों की बिजली, पेयजल, सिंचाई एवं खाद से संबंधित विभिन्न समस्याओं पर भी गंभीर विचार.विमर्श किया गया तथा इन समस्याओं के समाधान के लिए संघर्ष को तेज करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में राजलदेसर किसान सभा सचिव संजय कड़वासरा, संयोजक रामकिशन भामू, जाकिर हामुसर, धन्नाराम बिस्सू, रामूराम कलवानिया, रामप्रताप कलवानिया, सोहन कड़वासरा, निसार खां, सहीराम धेतरवाल सहित कई किसान उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय पिकल बॉल प्रतियोगिता आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ की पंचायत समिति के पास स्थित संकल्प पिकल बॉल एकेडमी में गत रात्रि जिला स्तरीय एकदिवसीय पिकल बॉल खेल प्रतियोगिता का राजस्थान सॉफ्टबॉल संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिदावत की अध्यक्षता एवं पूर्व पीएमओ डॉ. संतोष आर्य के मुख्य आतिथ्य में प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बैंक प्रबंधक कन्हैयालाल जांगिड़, समाजसेवी राहुल यादव, श्रवण कुमार प्रजापत, विनीत कुमार चंगोई और संजय पूनियां चूरू मंचस्थ अतिथि थे। प्रतियोगिता प्रभारी संकल्प गहलोत ने बताया कि एकल और युगल स्पर्धा में कुल 40 खिलाड़ियों ने भाग लिया जिनमें 50 मैच खेले गए। रोमांचक एकल फाइनल मैच में संकल्प एकेडमी रतनगढ़ के स्पर्श गहलोत विजेता और पैडल हाउस एकेडमी चूरू के साहिल ने उप विजेता स्थान प्राप्त किया। युगल वर्ग में भी संकल्प एकेडमी रतनगढ़ के स्पर्श गहलोत और सुनील मारोठिया ने पैडल हाउस एकेडमी चूरू के अरविंद और साहिल को रोमांचक मुकाबले में हराकर विजेता ट्रॉफी पर कब्जा किया। प्रतियोगिता पश्चात समाजसेवी सीताराम शर्मा, डॉ. संतोष आर्य, डॉ. उम्मेद सिंह राठौड़, विनोद कुमार सोनी, विनीत कुमार चंगोई, कुतुबुद्दीन पठान, राजेश गहलोत और अशोक आलडिया के आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। दोनों स्पर्धाओं में विजेता टीमों को ट्रॉफी और 2100 रूपये तथा उप विजेता टीमों को ट्रॉफी और 1100 रूपये की नकद राशि इनामस्वरूप दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक राकेश गहलोत ने किया।

## सीबीईओ सुनील कुमार को पीएचडी की उपाधि

उत्तर-आधुनिकतावाद विषय पर शोध, श्योपुरा गांव का बढ़ाया मान

निसं



**मंडावा ( नवयत्न )।** जोधपुर के जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय ने आऊ ब्लॉक के मु य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (सीबीईओ) एवं हिंदी विभाग के शोधार्थी सुनील कुमार को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने हिंदी विभाग के डॉ. भरत कुमार के निर्देशन में उत्तर-आधुनिकतावाद विषय पर शोध कार्य पूरा किया। मूल रूप से झुंझुनूं जिले की मंडावा तहसील के श्योपुरा गांव निवासी सुनील कुमार वर्तमान में जोधपुर जिले के आऊ ब्लॉक में सीबीईओ के पद पर कार्यरत हैं। प्रशासनिक जि मेदारियों के साथ उन्होंने यह शैक्षणिक उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। शोध में उत्तर-आधुनिकतावाद की अवधारणा, उसके सामाजिक प्रभाव, भूमंडलीकरण, बदलते जीवन मूल्यों और समकालीन समाज पर उसके प्रभाव का विस्तृत अध्ययन किया गया है। शोध में आधुनिकता और उत्तर-आधुनिकता के विभिन्न आयामों का विश्लेषण करते हुए भारतीय समाज के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण निष्कर्ष प्रस्तुत किए गए हैं। सुनील कुमार की इस उपलब्धि पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षाविदों, सहकर्मियों, मित्रों और श्योपुरा गांव के लोगों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## फोलो अप कैंप आयोजित

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** निकटवर्ती ग्राम पंचायत धातरी में ग्रामीण सेवा शिविर के फोलो अप कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर प्रभारी विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़, तहसीलदार अर्जुनलाल सालोदिया ने ग्रामवासियों व नागरिकों की समस्याओं के बारे में जानकारी ली व शिविर में होने वाले कार्यों के बारे में बताया। विकास अधिकारी गणेशाराम जाखड़ ने बताया कि शिविर में पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास विभाग की ओर से जन्म प्रमाण पत्र 7, मृत्यु प्रमाण पत्र 2, विवाह प्रमाण पत्र 5, पट्टा वितरण 4, पट्टा आवेदन 5, शौचालय आवेदन 6, श्रमिक कार्ड 6, राजस्व विभाग द्वारा शुद्धिकरण 4, सीमांकन प्रकरण 7, जाति मूल के 36 व फार्मर रजिस्ट्री के 36 फॉर्म दर्ज किए गए, जिनमें 24 नाम जुड़े। चिकित्सा विभाग द्वारा 235 लोगों की जाँच की गई तथा 180 टीवी स्क्रीनिंग एवं एलसीडी जांच 215 और शिविर में पशुपालन विभाग द्वारा 155 पशुपालकों को लाभान्वित किया गया। आयुर्वेद विभाग द्वारा 70 लोगों को दवा वितरण की गई।

## कंटेंट एंड क्रिएटिव राइटिंग और हेल्थ केयर मैनेजमेंट एईडीपी पाठ्यक्रम शुरू

निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर में विद्यार्थियों को परंपरागत उच्च शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल एवं रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने की दिशा में नई पहल की गई है। महाविद्यालय में एईडीपी के अंतर्गत बीए में कंटेंट एंड क्रिएटिव राइटिंग तथा बीएससी में हेल्थ केयर मैनेजमेंट पाठ्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मूल चन्द ने बताया कि एईडीपी का प्रमुख उद्देश्य विद्यार्थियों को स्नातक शिक्षा के साथ संबंधित क्षेत्र का व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं कार्य अनुभव उपलब्ध कराकर उन्हें रोजगार के लिए अधिक सक्षम बनाना है। इन पाठ्यक्रमों में विद्यार्थियों को सैद्धांतिक अध्ययन के साथ उद्योग एवं कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने का अवसर मिलेगा।

### हेल्थ केयर क्षेत्र के लिए तैयार होंगे बीएससी विद्यार्थी

इसी प्रकार बीएससी में प्रारंभ किए जा रहे हेल्थ केयर मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं एवं स्वास्थ्य संस्थानों के प्रबंधन से संबंधित व्यावहारिक जानकारी और कौशल प्रदान किए जाएंगे। इससे विद्यार्थियों को अस्पतालों, हेल्थ केयर संस्थानों एवं स्वास्थ्य सेवा से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार एवं करियर के अवसरों के लिए तैयार होने में सहायता मिलेगी। महाविद्यालय एईडीपी के नोडल अधिकारी डॉ कमल कुमार ने विद्यार्थियों से इन रोजगारोन्मुख पाठ्यक्रमों का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान करते हुए कहा कि एईडीपी के माध्यम से डिग्री के साथ कौशल, प्रशिक्षण और कार्यानुभव का समावेश विद्यार्थियों की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस पाठ्यक्रम की विशेषता यह है कि पहले दो वर्षों में विद्यार्थियों को विषय का सैद्धांतिक अध्ययन कराया जाएगा जबकि तृतीय वर्ष में संबंधित संस्थानों में अप्रेंटिसशिप/ऑन-द-जॉब प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण अवधि के दौरान विद्यार्थियों को प्रति माह न्यूनतम 12300 का स्टाइपेंड भी प्राप्त होगा। प्रवेश लेने के इच्छुक विद्यार्थी कॉमन एडमिशन फॉर्म वेबसाइट से डाउनलोड कर आवश्यक दस्तावेजों सहित 21 अगस्त 2026 तक महाविद्यालय में जमा करा सकते हैं। जो विद्यार्थी पहले से स्नातक प्रथम वर्ष में अध्ययनरत हैं तथा ट्रांसफर के माध्यम से एईडीपी-बीएफएसआई पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे भी प्रवेश नीति के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

### बीए विद्यार्थियों को मिलेगा कंटेंट एवं क्रिएटिव राइटिंग का कौशल

कंटेंट एंड क्रिएटिव राइटिंग पाठ्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को रचनात्मक लेखन, कंटेंट राइटिंग, डिजिटल एवं सोशल मीडिया कंटेंट, कॉपी राइटिंग, संपादन, संचार कौशल तथा विभिन्न माध्यमों के लिए प्रभावी सामग्री तैयार करने जैसे क्षेत्रों का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। यह प्रशिक्षण विद्यार्थियों के लिए मीडिया, डिजिटल मार्केटिंग, प्रकाशन, विज्ञापन, सोशल मीडिया एवं स्वतंत्र लेखन जैसे क्षेत्रों में करियर के अवसर विकसित करने में सहायक होगा।

## बीडीके अस्पताल में रक्तदान शिविर, 18 यूनिट रक्त संग्रह



सुरेंद्र शर्मा

**झुंझुनूं ( नवयत्न )।** जिले के सबसे बड़े राजकीय बीडीके अस्पताल के ब्लड सेंटर में सोमवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ पीएमओ एवं अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. जितेंद्र भाम्बू ने किया। शिविर में 18 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। प्रदेशभर में एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) महिलाओं में रक्त की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। बीडीके अस्पताल के सहायक आचार्य डॉ. उमेश चाहर ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं और स्वास्थ्यकर्मियों को प्रेरित किया। उन्होंने आमजन से रक्तदान-महादान अभियान से जुड़ने की अपील की। डॉ. चाहर पूर्व में भी कई बार जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान कर चुके हैं। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में बनाए गए रक्तदान सेल्फी प्वाइंट पर युवाओं ने सेल्फी और रील बनाकर अन्य लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि हाल ही में आयोजित रक्तदान अभियान में 50 से अधिक युवाओं ने भी रक्तदान किया था।

शिविर के दौरान आरएमओ डॉ. सिद्धार्थ शर्मा, डॉ. विजय झाझड़िया, डॉ. प्रियंका भास्कर, डॉ. रविकांत सांखला, डॉ. नावेद अख्तर, नर्सिंग अधीक्षक मुकेश मीणा एवं श्यामसुंदर शर्मा सहित अस्पताल के चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे।

## इतिहास विभाग के नवप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा किया गया पौधरोपण

निसं



**बीकानेर ( नवयत्न )।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के नवप्रवेशित विद्यार्थियों द्वारा विभाग के समक्ष स्थित उद्यान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलगुरु मनोज दीक्षित ने इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया कि प्राचीन भारतीय समाज ने सदैव प्रकृति और मनुष्य के मध्य गहरे संबंध को समझाते हुए वृक्षों को केवल उपयोगिता की वस्तु नहीं बल्कि जीवनदाता, देवतुल्य और लोककल्याणकारी माना। पुराणों में पीपल, वट, अशोक, बेल, आंवला और नीम जैसे वृक्षों के रोपण को विशेष पुण्यदायी माना गया है। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ मेघना शर्मा ने कहा कि इतिहास में मौर्यकालीन शिलालेखों और स्तंभलेखों में सड़कों के किनारे छायादार वृक्ष लगवाए जाने, यात्रियों के लिए कुएँ खुदवाए जाने तथा औषधीय पौधों के रोपण की व्यवस्था कराये जाने के उल्लेख मिलते है। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में अवैध कटाई तथा वन संपदा के दुरुपयोग के लिए दंड का भी उल्लेख मिलता है। पीपल को विष्णु, वट को ब्रह्मा तथा तुलसी को लक्ष्मी का स्वरूप माना गया। डॉ शर्मा ने आगे कहा कि नवप्रवेशित विद्यार्थियों को संस्थान से भावनात्मक रूप से जोड़ने के प्रयोजन हेतु ये आयोजन रखा गया है। पौधरोपण कार्यक्रम में विभाग के अतिथि शिक्षक डॉ मुकेश हर्ष, डॉ गोपाल व्यास, रिंकू जोशी, भगवान दास सुथार, डॉ संजना चौधरी और सुशीला बिश्नोई शामिल रहे। बजरंग कलवानी व उमेश पुरोहित का सहयोग रहा। विद्यार्थी वर्ग से कार्तिक शर्मा, सोहनलाल कुम्हार, ट्विंकल बीका, भीखाराम सुथार, गरिमा व्यास, अजीत सियाग, मूमल कँवर, अरविन्द सिंह भाटी, नेहा सलमान, तुषार गहलोत आदि ने विभाग का प्रतिनिधित्व किया।

## प्रथम पुण्यतिथि पर पंखे भेंट



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में शिक्षाविद् कांग्रेस नेता फकीर चंद दानोदिया एवं लालबहादुर दानोदिया ने अपनी माताजी की प्रथम पुण्यतिथि पर राजकीय जालान जिला चिकित्सालय में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी सुरेन्द्र कुमार को पांच सीलिंग फैन पंखे भेंट किए।

इस मौके पर केशरदेव मंडार, कांग्रेस कमेटी चूरू जिला महासचिव भंवरलाल जसैल, गुगनराम दानोदिया, भीकमचंद कंवल, एम आर मंडीवाल, गौरीशंकर सैनी आदि उपस्थित रहे। पीएमओ डॉ सुरेन्द्र कुमार ने पुनीत कार्य के लिए दानोदिया परिवार का आभार व्यक्त किया।

## अवैध निर्माण को रूकवाने की मांग



**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय वार्ड नं 59 के लोगों ने नगरपरिषद कैंप में पहुंचकर आयुक्त के नाम ज्ञापन सौंपकर कथित अवैध निर्माण को रूकवाये जाने की मांग की है। एडवोकेट राकेश जांगिड़ के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि रेल्वे स्टेशन से मांडेता होते हुये मेगा हाइवे की ओर जाने वाली सड़क के चिपते ही पश्चिमी ओर स्थित खाता संख्या 1 खसरा नंबर 1198 की भूमि, जो गैर मुमकिन रास्ता के नाम से सरकारी रिकॉर्ड में दर्ज स्थित है, उस पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध अतिक्रमण कर बिना किसी अनुमति के निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिस पर मौहल्ले वासियों द्वारा पूछताछ करने पर अतिक्रमी सुजानगढ़ का होना बताया जा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि उक्त व्यक्ति द्वारा बिना किसी स्वामित्व के नगर परिषद के अधिकार क्षेत्र की रास्ता की भूमि पर बिना किसी निर्माण स्वीकृति के निर्माण कार्य प्रारंभ कर रखा है और दिन रात निर्माण कार्य चालू कर रखा है, जिसे यथा शीघ्र रूकवाया जाना आवश्यक है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अनेक लोग मौजूद रहे।

## फतेहपुरिया अस्पताल में हुई सोनोलॉजिस्ट की नियुक्ति

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा नेता विजय चौहान द्वारा सुजानगढ़ के फतेहपुरिया मातृ एवं शिशु कल्याण अस्पताल में लंबे समय से रिक्त पड़े सोनोलॉजिस्ट के पद पर नियुक्ति की मांग को लेकर हाल ही में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर से किए गए आग्रह के बाद अब अस्पताल में डॉ महिपाल सिंह ने अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। अस्पताल में पिछले कई महीनों से सोनोलॉजिस्ट का पद रिक्त होने के कारण गर्भवती महिलाओं एवं आमजन को सोनोग्राफी के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या को गंभीरता से उठाते हुए भाजपा नेता विजय चौहान ने चिकित्सा मंत्री से मुलाकात कर शीघ्र नियुक्ति की मांग की थी। डॉ महिपाल सिंह के कार्यभार ग्रहण करने से अब सुजानगढ़ एवं आसपास के क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को समय पर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध होगी तथा उन्हें अन्य शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। भाजपा नेता विजय चौहान ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार जनहित से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है।

## शेखावाटी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता व सिद्धांत फान्डन का जन्मदिन समारोह आयोजित

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ ( नवयत्न )।** आदर्श पब्लिक उच्च माध्यमिक विद्यालय बलौदा में राजस्थान पुलिस में कार्यरत मुकेश फान्डन के सुपुत्र सिद्धांत फान्डन के 11वें जन्मदिन के अवसर पर शेखावाटी सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न व पुरस्कार भेंटकर सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर केक काटा वहीं बच्चों को मिठाई वितरित कर धूमधाम से सिद्धांत फान्डन का जन्मदिन मनाया गया। सीनियर वर्ग के टॉपर प्रथम शाहिना पुत्री मुकेश कक्षा 12 विज्ञान, द्वितीय योगिता पुत्री विजेंद्र सिंह व निशांत शर्मा पुत्र धमेंद्र शर्मा, तृतीय उम्मेद पुत्र विनोद कुमार रहे। वहीं जूनियर वर्ग के टॉपर प्रथम रिया पुत्री सुनिल कुमार कक्षा 7, द्वितीय सिद्धांत फान्डन पुत्र मुकेश कक्षा 7, तृतीय मुस्कान पुत्री विक्रम सिंह रहे। कार्यक्रम में सिद्धांत के पिता मुकेश फान्डन, माता मुस्कान, दादी सुलोचना, बहन शाहिना, चाचा सुनील कुमार के साथ विद्यालय निदेशक रतनसिंह चौहान, मैनेजिंग डायरेक्टर छोटूराम बरखड़, प्रधानाचार्य उम्मेद सिंह चौहान, समन्वयक इंजी. योगेश सिंह तथा अध्यापकगण भूपेंद्र सिंह, रामवीर लौहान, राकेश कुमार, देवेश शर्मा, कर्णपाल शर्मा, अनुकुल कुमार, महेश सिंह, संतोष कुमारी, नीलम, प्रीति, ऊषा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190